


दैनिक


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 284

ग्वालियर, रविवार 03 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## वसुंधरा राजे बोली- भाजपा की बैठक में देश के हालात पर भी होगी चर्चा, राव सरकार के खिलाफ जारी होगा बयान

**हैदराबाद।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में बताया की तेंलगाना की राजधानी हैदराबाद में चल रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में देश के मौजूदा हालात सहित सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही देश की आर्थिक स्थिति और केंद्र सरकार के गरीब कल्याण कार्यक्रमों पर एक प्रस्ताव पेश किया जाएगा व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार के खिलाफ एक बयान भी जारी किया जाएगा। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक की औपचारिक शुरुआत यहां स्थित हैदराबाद इंटरनेशनल कनवेंशन सेंटर में होगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के तमाम शीर्ष नेता शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का एजेंडा, उसमें होने वाली चर्चा और पेश किए जाने वाले प्रस्तावों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर आज भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी जानकारी देने पहुंची वसुंधरा राजे से जब यह पूछा गया कि क्या इस बैठक में उदयपुर हत्या और भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा को लेकर पैदा हुए विवादों से बने देश के माहौल के बारे में भी चर्चा की जाएगी तो उन्होंने कहा, 'जब राजनीति प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो उसमें देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा होती है। मुझे उम्मीद है कि जो घटनाएं देश में हो रही हैं, उनको लेकर चर्चा होगी और वह राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चाओं का हिस्सा बन सकता है।' राजे ने बताया कि पदाधिकारियों की बैठक में भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पिछले दिनों हुए विधानसभा चुनावों और हाल ही में उत्तर प्रदेश के रामपुर और आजमगढ़ सहित विभिन्न उपचुनावों में भाजपा को मिली जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी और और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की गरीब कल्याण नीति को दिया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में देश की आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, 'पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था अभी चरमराई हुई है और आज पूरी दुनिया की आर्थिक विकास की दर का औसत छह प्रतिशत है। वहीं भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत दिशा में आगे बढ़ रही है। हमारी विकास दर 8.7 प्रतिशत है।'



## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने हैदराबाद पहुंचे सीएम योगी

**लखनऊ।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के साथ मिलकर सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी की निगाह अब 2023 में तेलंगाना में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। भाजपा ने हैदराबाद में अपनी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की है, जिसमें पार्टी की कोर टीम में शामिल हो चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भाग ले रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी हैदराबाद शनिवार को पहुंचे हैं। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ ही भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पहले से ही हैदराबाद में जमे हैं। बैठक को विजय संकल्प सभा नाम दिया गया है, इस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को संबोधित करने वाले हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का नाम भी तय हो सकता है। भाजपा की दो दिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को प्रारंभ होने के बाद रविवार को समाप्त होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश (जेपी) नड्डा के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी शामिल हो रहे हैं।

## उदयपुर में जारी कर्फ्यू में शनिवार को चार घंटे की ढील दी गई, लोगों ने जरुरी सामान खरीदा

**उदयपुर।** उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की हत्या के बाद 28 जून शाम से जारी कर्फ्यू में शनिवार को चार घंटे की ढील दी गई है। शहर में सभी जगह पुलिस फोर्स तैनात है और जिंदगी पटरी पर आना शुरू हुई है।



लोग अपनी जरूरत की चीजें खरीद रहे हैं। सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में भी लोग अपना काम निपटाने के लिए गए हैं। लोगों का गुस्सा भी कुछ शांत हुआ हैं और लोगों ने अपना कामकाज शुरू किया है। दुकानें व बाजार भी खुल गए हैं। शाम चार बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। हालांकि इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ यात्रा के शांतिपूर्वक निकल जाने के बाद प्रशासन ने रात 11:30 बजे कर्फ्यू में ढील का निर्णय किया था। प्रशासन की माने तब सबकुछ ठीक रहा, तब रविवार को कर्फ्यू में ढील का समय और बढ़ाया जाएगा। बहरहाल उदयपुर में हुई कन्हैयालाल की हत्या का पूरा मामला अब जयपुर शिफ्ट हो गया है, जहां शनिवार को एनआईए की न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में अभियुक्तों को पेश किया जाना है। कर्फ्यू में ढील देने का कारण शुक्रवार एक जुलाई को शांतिपूर्ण निकली रथ यात्रा है। जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था को संभालने के लिए आए आईपीएस दिनेश एमएन ने भी कहा था कि कर्फ्यू में ढील दी जाएगी।

# मणिपुर भूस्खलन में 18 जवानों समेत दो दर्जन की मौत, 38 अब भी लापता, पास ही एक और बड़ा हादसा

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर राज्यों में भूस्खलन बड़ी समस्या बन गई है अब मणिपुर के नोनी जिले में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट पर हुए भूस्खलन में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 24 हो गई। इनमें टेरीटोरियल आर्मी के 18 जवान शामिल हैं। गुवाहाटी में सैन्य प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि 38 लोग अब भी लापता है। राहत और बचाव कार्य तेज करने के लिए कई और टीमों को लगाया गया है। सेना, असम राइफल्स, टेरिटोरियल आर्मी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान लगातार मलबे में जिंदगियां ढूंढने में जुटे हुए हैं। इस बीच, मणिपुर में घटनास्थल के नजदीक एक और भूस्खलन हुआ है।

खबरों के मुताबिक, सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए वॉल रडार का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा खोजी कुत्तों के दस्ते को भी लगाया गया है। अब तक टेरिटोरियल आर्मी के 13 जवान और 5 नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। टेरिटोरियल आर्मी के 18 जवानों और 6 सिविलियंस के शव अब तक बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि टेरिटोरियल आर्मी के 12 जवान और 26 नागरिक अब भी लापता हैं, जिनकी तलाश का काम जोरशोर से किया जा रहा है। प्रवक्ता ने बताया कि इस हादसे में जान गंवान वाले सैन्य



कर्मियों में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) भी है। जेसीओ समेत 14 जवानों के शव वायुसेना के दो विमानों और एक आर्मी हेलिकॉप्टर द्वारा उनके घर भेजे गए हैं। एक जवान के शव को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सड़क के रास्ते भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि शवों को रवाना करने से पहले इंफाल में उन्हें पूरे सम्मान के साथ सैन्य विदाई दी गई। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को भी घटनास्थल का दौरा किया और बचाव कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने इसे मणिपुर के इतिहास का सबसे भयानक हादसा बताया। बता दें कि बुधवार-गुरुवार की रात मणिपुर के नोनी जिले के तुपुल रेलवे स्टेशन के नजदीक भारतीय सेना के 107 टेरिटोरियल आर्मी कैंप के पास ये भूस्खलन हुआ था। यहां पर जिरीबाम से इंफाल के बीच रेलवे लाइन का निर्माण किया जा रहा है। ये सैनिक उसी की सुरक्षा के लिए तैनात थे।

## महाराष्ट्र में सरकार बनी पर कई मोर्चों पर कवायद बाकी, रात को 3 बजे गोवा के होटल पहुंचे एकनाथ शिंदे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी यहां सियासी घटाटोप खत्म नहीं हुआ है। सीएम शिंदे देर रात गोवा के ताज होटल पहुंचे जहां शिवसेना के बागी गुट के सभी विधायक मौजूद हैं। मुख्यमंत्री शिंदे आज दोपहर बाद बागी गुट के विधायकों के साथ मुंबई लौटेंगे। जानकारी के मुताबिक, गोवा के होटल में ही आज शिवसेना के बागी गुट के विधायकों की बैठक भी होनी है। बैठक के बाद बागी गुट के प्रवक्ता दीपक केसरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे। इसके बाद सभी विधायक और सीएम शिंदे मुंबई के लिए रवाना होंगे। महाराष्ट्र में 9 दिनों तक चले सियासी घमासान के बाद गुरुवार को शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री पद जबकि देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी। शिंदे हालांकि सीएम तो बन गए हैं लेकिन उनके सामने चुनौतियां बरकरार है। दरअसल, 3 जुलाई से महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र बुलाया गया है। विधानसभा के इस सत्र में शिवसेना के बागी गुट के नेता भी पहुंचेंगे। इस दौरान उद्धव और शिंदे गुट के दावे भी साफ हो जाएंगे कि कितने विधायकों को किस गुट का समर्थन प्राप्त है। बता दें कि शिंदे ने अपने पक्ष में 39 विधायकों के होने का दावा किया था। इसके बाद उद्धव गुट की ओर से भी दावा किया गया था कि बागी विधायकों में से कुछ हमारे समर्थन में हैं। ऐसे में विधानसभा सत्र के दौरान दोनों गुटों के दावे कितनी सही साबित होंगे ये स्पष्ट हो जाएगा। बीजेपी विधायक राहुल नार्वेकर ने विधानसभा अध्यक्ष चुनाव के लिए विधान भवन में नामांकन दाखिल किया है। 3 जुलाई को चुनाव है। बता दें कि महाराष्ट्र में स्पीकर का पद दो साल से खाली है।

## ममता बोलीं, राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की जीत की अधिक संभावना



### भाजपा ने यशवंत सिन्हा के नाम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** देश में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में महाराष्ट्र की सत्ता परिवर्तन का असर होने वाला है। अब देश का नया राष्ट्रपति चुनने की जंग अब एकतरफा होती नजर आ रही है। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू की एकतरफा जीत की संभावनाएं मजबूत होती दिख रही हैं। बदले समीकरणों के बीच अब विपक्षी खेमा भी इसे स्वीकार करता नजर आ रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के खिलाफ विपक्ष का साझा उम्मीदवार उतारने के लिए बैठक पर बैठक करने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने भी अब ये स्वीकार कर लिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि द्रौपदी मुर्मू की जीत के ज्यादा चांस हैं। ममता बनर्जी के बयान पर बीजेपी ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा का नाम लेते हुए चुटकी ली है। दरअसल, ममता बनर्जी ने कहा है कि विपक्षी दल भी राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी का समर्थन कर सकते थे अगर बीजेपी ने उन्हें मैदान में उतारने के पहले उनसे चर्चा की गई होती। उन्होंने साथ ही ये भी कहा कि 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की जीत की अधिक संभावनाएं है। महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन के बाद एनडीए का संख्या बल बढ़ा है। ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि आम सहमति वाला उम्मीदवार देश के लिए हमेशा बेहतर होता है। अगर बीजेपी ने उनके नाम के ऐलान से पहले हमसे भी बात की होती तो हम निश्चित रूप से व्यापक हितों का ध्यान रखते हुए इस पर विचार करते। उन्होंने ये भी साफ किया कि टीएमसी विपक्षी दलों के निर्णय के मुताबिक ही चलेगी। ममता बनर्जी ने कहा कि हमारे मन में सभी धर्म, जाति और पंथ के लिए बराबर सम्मान है। हम चाहते हैं कि राष्ट्रपति चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। हमें महिला उम्मीदवार को उतारने की कोशिश करनी चाहिए थी। मैं अकेले फैसला नहीं कर सकती थी।

ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान हो रहा है, मुझे इसका दुख है। दलित और सभी जनजातियां हमारे साथ हैं। हम लोगों में बंटवारा नहीं करते। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर इस बयान को लेकर हमला बोला है।

## अमरावती हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिए निर्देश

**अमरावती।** महाराष्ट्र के अमरावती में दुकानदार की हत्या की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इस मामले में निर्देश जारी कर दिए हैं। गौरतलब है कि अमरावती के दुकानदार उमेश कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि उमेश की हत्या नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के विरोध में की गई है। मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 54 साल के उमेश प्रहलादराव कोल्हे केमिस्ट की दुकान चलाते थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर नूपुर शर्मा के समर्थन में कुछ पोस्ट किया था। दावा है कि



इसको लेकर ही 21 जून को उनकी हत्या कर दी गई। मामले में महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया था। इन सभी लोगों से पूछताछ चल रही है। वहीं एटीएस की टीम घटना के आतंकी पहलू को लेकर भी जांच में जुटी है। एटीएस अमरावती की घटना के उदयपुर कनेक्शन के तार तलाश रही है। गौरतलब है कि उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्यारे कन्हैयालाल द्वारा नूपुर शर्मा का समर्थन किए जाने से नाराज थे। वह कपड़े की नाप देने के बहाने टेलर कन्हैयालाल की दुकान पर गए थे और धोखे से उसका गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने न सिर्फ घटना का वीडियो बनाया, बल्कि अपने कुबूलनामे का भी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इस मामले में भी एनआईए जांच कर रही है।

## गया में मां ने दी बेटी को मुखाग्नि, मृतका का पति जिंदा

**गया।** आम तौर पर बच्चे अपने मां बाप को मुखाग्नि देते हैं। बेटे नहीं हो, तब बेटी यह फर्ज निभाती है। लेकिन बिहार की मोक्षनगरी गयाजी में इसका उलटा हुआ। एक विवाहित बेटी को उसी मां ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। मृतका का पति जिंदा है, फिर भी मां को यह फर्ज अदा करना पड़ा। यह देखकर गया के विष्णुबद श्मशान घाट पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई। दरअसल यह मामला ससुराल में विवाहिता की हत्या का है। दरअसल दिल्ली में रहने वाली सपना चौधरी की शादी 6 साल



पहले विष्णुपद थाना क्षेत्र के चांदचौरा मोहल्ले के रहने वाले हेमंत चौधरी उर्फ डब्बू से हुई थी। गयाजी स्थित ससुराल में सपना की मौत गुरुवार को हो गई थी। मायके वालों की शिकायत पर पुलिस ने सपना का शव हेमंत के घर से बरामद किया था। जांच में पता चला कि सपना के गले में गहरे नीले निशान थे और बदन पर भी कई जगह चोट के निशान भी थे। पति-पत्नी के बीच एक-दूसरे की केयर ना करने को लेकर अनबन चल रही थी। आरोप यह भी था कि सपना के मायके वाले हस्ताक्षेप करते हैं। इस लेकर बीते दो वर्ष से दोनों के संबंध ठीक नहीं चल रहे थे। सपना की मौत के समय उसकी 3 साल की बच्ची दूसरे कमरे में सो रही थी। सपना के मारे जाने की भनक उसकी मां को दिल्ली में लग गई। सपना की मां सावित्री देवी ने आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वालों सपना की हत्या की है। मां के बयान पर कार्रवाई करते पुलिस ने हेमंत चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इस बीच दिल्ली से मृतका की मां सावित्री देवी भी गया पहुंच गई। शव के पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शुक्रवार को शव परिजनों को सौंपना चाहा, तब मायके और ससुराल पक्ष के बीच शव को लेने और दाह संस्कार के लिए बहस शुरू हो गई।

## खास खबर

### बढ़ती महंगाई से अमेरिका में नाराजी

**न्यूयार्क।** अमेरिका में महंगाई के कारण नागरिकों में नाराजगी और निराशा का माहौल बन गया है। अर्थव्यवस्था की खराब हालत महंगाई और बेरोजगारी को लेकर अमेरिका के नागरिक परेशान हैं। महंगाई के कारण बेरोजगारी भी बढ़ रही है। अमेरिका के शिकागो शहर में अपराध तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। महंगाई के कारण जर्मन एयरलाइन और अन्य एयरलाइन को विमानतल पर स्टाफ में कमी के कारण सैकड़ों उड़ाने रद्द करनी पड़ी है। इस स्थिति को लेकर लगातार चिंता देखी जा रही है। महंगाई के कारण कारोबार मैं असर पड़ा है।ब्रिटेन में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। दवा कंपनियों द्वारा भी अपने खर्च में कमी किए जाने के कारण हजारों कर्मचारियों की छटनी हुई है। महंगाई और बेरोजगारी का असर तेजी के साथ बढ़ रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन में 1974 जैसी आर्थिक मंदी की स्थिति दिखने लगी है।

### देश की पहली लिविंग वसीयत

**पाली।** राजस्थान के पाली जिले के वैभव भंडारी ने सम्मान के साथ मरने के अधिकार की वसीयत को रजिस्टर कराया है।राजस्थान में इस तरह की वसीयत का यह पहला मामला मन जा रहा है। भंडारी ने अगस्त 2021 में जिला कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था। जिसे पिछले माह रजिस्टर्ड किया गया है। उल्लेखनीय है सुप्रीम कोर्ट ने 9 मार्च 2018 को इज्जत के साथ मरने के अधिकार को मूलभूत अधिकार माना है। इसी को आधार मानते हुए लिविंग बिल की अनुमति प्रदान की गई है। इस तरह की वसीयत में वसीयतकर्ता यह बता देता है,उसके ना रहने पर उसकी संपत्ति का क्या होगा। गंभीर बीमारी की दशा में उसका इलाज किस तरह किया जाए। उसे कोई गंभीर बीमारी हो जाए तो उसको दवा और अस्पताल में जिंदा रखा जाए या नहीं, उसकी मृत्यु किस तरह से हो जिससे उसे इच्छा मृत्यु प्राप्त हो।

### नूपुर शर्मा के खिलाफ लुक आउट नोटिस, कोलकाता पुलिस ने किया जारी

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने निलंबित भाजपा नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इसके पहले नूपुर को एमहर्स्ट और नारकेलडांगा पुलिस थाने में पेश होने के लिए कहा था। हालांकि, वह उनके सामने पेश नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने और ज्यादा समय मांगा है। गौरतलब है कि पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करने के बाद नूपुर शर्मा को भाजपा ने निलंबित कर दिया था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नूपुर शर्मा के बयान के चलते पूरे देश में आग लग गई है। उन्हें टीवी पर आकर माफी मांगनी चाहिए। वहीं इसके बाद कोर्ट में दाखिल एक अन्य याचिका में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नूपुर शर्मा के ऊपर की गई टिप्पणी वापस लेने की मांग की गई। इस याचिका में कहा गया कि इस तरह की टिप्पणी के बाद नूपुर शर्मा की जान को खतरा पैदा हो गया है।

### दिल्ली पुलिस के कॉन्स्टेबल ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने उत्तर-पश्चिम जिले में अपनी सर्विस रिवॉल्वर से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह अभी तक पता नहीं चल सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उन्हें दिल्ली के प्रशांत विहार में एक राहगीर ने सुबह करीब नौ बजे सूचना दी कि इलाके में एक पेट्रोल पंप की चारदीवारी के पास खड़ी एक कार में एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) प्रणव तायल ने कहा कि जब पुलिस की एक टीम वहां पहुंची तो उन्होंने देखा कि एक सैंट्रो कार की ड्राइवर सीट पर शव पड़ा है और उसमें से दुर्गंध आ रही है। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान बाद में कॉन्स्टेबल अमनदीप सिंह के रूप में हुई, जो प्रशांत विहार थाने में तैनात था और आकस्मिक अवकाश पर था। फोटोग्राफर और फोरेंसिक विशेषज्ञों के साथ क्राइम ब्रांच की टीम को मौके पर बुलाया गया था। डीसीपी ने कहा कि उसके परिवार के सदस्यों को सूचित कर दिया गया है और धारा 174 सीआरपीसी (आत्महत्या पर पूछताछ और रिपोर्ट करने के लिए पुलिस) के तहत पूछताछ की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। कॉन्स्टेबल के शव को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भेज दिया गया है और मृतक कॉन्स्टेबल के परिवार के आने पर पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है कि किस वजह से कॉन्स्टेबल ने यह कदम उठाया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### भारतीय महिला टीम ने पहले एक दिवसीय मैच में श्रीलंका को हराया

**पालेकल ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान श्रीलंका को पहले ही एकदिवसीय मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 171 रन बनाये। इसके बाद भारतीय टीम ने जीत के लिए मिले लक्ष्य को 38 ओवर में ही 6 विकेट पर 176 रन बनाकर हासिल कर लिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने 3 मैचों की एकदिवीय सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा 44 रन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बनाए। सलामी बल्लेबाज ओपनर शेफाली वर्मा ने ने 35 जबकि हरलीन देओल ने 34 रन बनाये। प्लेयर ऑफ द मैच रही दीप्ति शर्मा ने 22 और पूजा वस्त्राकर ने 21 रन बनाये। पूजा ने रणसिंघे के पारी के 38वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का लगाया और फिर अंतिम गेंद पर भी छक्का लगाते हुए टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका की ओर से इनोका रणवीरा ने 39 रन देकर 4 विकेट जबकि ओशादी रणसिंघे ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय महिला टीम को शुरुआती झटका दूसरे ही ओवर में स्मृति मंधाना 4 रनों पर ही आउट हो गयीं। यास्तिका भाटिया भी 1 रन ही बना पायीं। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत ने पारी संभाली। हरमनप्रीत और हरलीन ने फिर पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की

### चेन्नईयिन ने सांगवान और बाग से करार किया

**चेन्नई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने आगामी सत्र के लिए डिफेंडर आकाश सांगवान और मिडफील्डर सजल बाग को टीम से जोड़ा है। सांगवान चेन्नईयिन से जुड़ने वाले चौथे डिफेंडर जबकि सजल पश्चिम क्लब में शामिल होने वाले सातवें मिडफील्डर हैं। आकाश पहले पंजाब एफसी की तरफ से खेलते रहे हैं। उनके टीम में रहने के दौरान ही टीम ने साल 2018 में आई लीग खिताब जीता था। उन्होंने 2016 में मिनर्वा पंजाब की ओर से खेलते हुए अब तक अपने करियर में 66 मैच खेले हैं। वहीं वर्षीय सजल मोहन बागान की युवा टीम का हिस्सा थे, जहां उन्हें 2019-20 में सत्र का सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने विभिन्न घरेलू प्रतियोगिताओं में भी 46 मैच खेलते हुए अब तक छह गोल किये हैं।

### एंडरसन ने भारत के खिलाफ अपने सौ विकेट पूरे किये

**लंदन ।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भारत के खिलाफ यहां हुए एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन अपने विकेटों का शतक पूरा किया। एंडरसन ने भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट कर भारतीय टीम के खिलाफ अपने 100 विकेट पूरे किये। एंडरसन की इस खास उपलब्धी पर महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी उन्हें बधाई दी है। एंडरसन अभी इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। इसके अलावा वह टेस्ट क्रिकेट की दुनिया में सर्वाधिक सफलता प्राप्त करने वाले तीसरे खिला?ी और तेज गेंदबाज के रूप में सबसे अधिक सफलता प्राप्त करने वाले पहले गेंदबाज हैं।

भारत इंग्लैंड पांचवां टेस्ट का दूसरा दिन

# टीम इंडिया ने 36 साल बाद बर्मिंघम में 300 से ज्यादा रन बनाए

**बर्मिंघम।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे 5वें टेस्ट मैच का दूसरा दिन आज बर्मिंघम में खेला जाएगा। पहले दिन टीम इंडिया ने 7 विकेट खोकर 338 रन बनाए हैं। ये इस मैदान पर टीम इंडिया का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 1986 में भारत ने इस मैदान पर 390 रन बनाए थे और वह टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम कभी यहां 400 रन नहीं बना पाई है। इसके अलावा जितने भी टेस्ट मैच टीम इंडिया ने इस मैदान पर खेले हैं। सभी मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। मैच में पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा 83 रन बनाकर नाबाद हैं। उनका साथ मोहम्मद शमी दे रहे हैं। वहीं, इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट अपने नाम किए। आज जडेजा के बल्ले से भी शतक आने की उम्मीद है।

### पहला दिन पंत-जडेजा के नाम रहा

मैच के पहले दिन टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन ऋषभ पंत ने बनाए। उन्होंने 146 रन की शानदार पारी खेली। एक समय टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 98 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से पंत और जडेजा ने छठे विकेट लिए 222 रनों की साझेदारी कर डाली। ये इंग्लैंड के खिलाफ इस विकेट के लिए टीम इंडिया की सबसे बड़ी साझेदारी है।



ऋषभ ने अपनी पारी में 111 गेंदों का सामना किया और 19 चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने 89 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था। यह उनके करियर का 5वां टेस्ट शतक है। इंग्लैंड ने खिलाफ इस फॉर्मेट में उन्होंने तीसरा शतक जमाया है। वहीं, रवींद्र जडेजा ने करियर की 18वीं हाफ सेंचुरी जमाई। ससे पहले भारत के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज फेल रहे। ओपनर शुभमन गिल 17 और चेतेश्वर पुजारा 13 रन बनाकर जेम्स एंडरसन को विकेट दे बैठे। हनुमा विहारी 20, विराट कोहली 11 और श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए।

### कोहली का फ्लॉप शो जारी

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का खराब फॉर्म जारी है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट की पहली पारी में विराट के बल्ले से 19 गेंद में सिर्फ 11 रन निकले। वह मैथ्यू पॉट्स की गेंद पर बोल्ड हो गए। विराट ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद को छोड़ना चाहते थे, लेकिन बॉल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेट पर लग गई। कोहली के 71वें शतक का इंतजार अब भी उनके फैंस को है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 23 नवंबर 2019 को बनाया था।

## दीपक हुडा ने फिर जड़ा अर्धशतक, युवा गेंदबाज ने भी दिखाया जौहर



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के खिलाड़ी दीपक हुडा का ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने बल्ले से जमकर रनों की बारिश की है। आयरलैंड के खिलाफ 2 टी20 की सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले दीपक ने डर्बीशायर के खिलाफ वार्म-अप मैच में भी शानदार पारी खेली। उन्होंने 37 गेंद में 59 रन बनाए। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने डर्बीशायर को 7 विकेट से हरा दिया। दीपक ने इससे पहले, आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में शतक ठोका था जबकि पहले मैच में 47 रन बनाए थे। उन्होंने वार्म-अप मैच में भी इसी फॉर्म को बरकरार रखा। इस मैच में भारत को 151 रन का टारगेट मिला था, जिसे टीम इंडिया ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। दीपक के अलावा संजू सैमसन (38) और सूर्यकुमार यादव (36) ने अहम पारियां खेली।

चोट के कारण आयरलैंड सीरीज में नहीं खेल पाए ऋतुराज गायकवाड़ का बल्ला वार्म अप मैच में भी खामोश रहा। वो 4 गेंद में 3 रन बनाकर आउट हो गए। ऋतुराज चोट के कारण पहले टी20 में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतर पाए थे और दूसरे टी20 में बाहर हो गए थे। भारत को टेस्ट मैच के बाद इंग्लैंड से टी20 सीरीज भी खेलनी है। लेकिन, ऋतुराज के खराब फॉर्म ने भारतीय खेमे की परेशानी बढ़ा दी है। वो आयरलैंड दौरे से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 टी20 की घरेलू सीरीज में भी खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने सीरीज में एक अर्धशतक लगाया था।

इससे पहले, भारतीय कप्तान दिनेश कार्तिक ने डर्बीशायर के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी की। खासतौर पर युवा गेंदबाजों उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह का प्रदर्शन शानदार रहा। इन दोनों ने 2-2 विकेट झटके। उमरान ने 4 ओवर में 31 रन दिए तो अर्शदीप ने इतने ही ओवर में 29 रन देकर डर्बीशायर के दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। अक्षर पटेल और वेंकटेश अय्यर ने भी 1-1 विकेट हासिल किया। डर्बीशायर की पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना सकी। जवाब में भारत ने 20 गेंद रहते ही मैच जीत लिया।

## दि राईजींग स्टेप व नो मेन आर्मी फायनल में

**इन्दौर ।** अभय प्रशाल स्पोर्टस क्लब द्वारा अभय प्रशाल के इंडोर स्टेडियम में आयोजित डेवराईट कप क्रिकेट लीग के सेमीफायनल मुकाबलों में दि राईजीग स्टेप ने फायर बेटस व नो मेन आर्मी ने बाउन्ड्री ऐमर्स को हराकर सुपर मॉम एवं किडस स्पर्धा के फायनल मुकाबलों में प्रवेश किया।

सीनियर लीग के रोमांचक लीग मुकाबलों में क्रेजी फाईटर्स ने पिच बर्नर, ईलाइट वारियर्स ने गब्बर, बेस्ट-11 ने ऐवेन्जर्स व क्रेजी-11 ने डेवराईड डेप्पर को हराकर ग्रुप लीग मुकाबलों में अपनी स्थिति मजबुत की। स्पर्धा में विभिन्न मुकाबलों में मानस जैन, अंकुर बाफना, तिर्थ, नकुल मेहता, राहुल सेठी, रिषभ कोठारी, तक्ष को मेन ऑफ दि मैच से पुरस्कृत किया गया। विभिन्न मुकाबलों के मेन ऑफ दि मैच के पुरस्कार दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष नरेन्द्र वेद, पूर्व अध्यक्ष कैलाश वेद, एस.पी.सी.ए. की सह. सचिव सिद्धयानी पाटनी, हाई कोर्ट बार ऐसोसिएशन के सचिव गौरव श्रीवास्तव, ललीत सी. जैन, अतुल झामड़, आवेग अजमेरा आदि ने किया।




### चांदी का बल्ला देकर सम्मानित किया

**एजबेस्टन ।** यहां आज भारत के साथ शुरु हुए एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने टीम के पूर्व कप्तान जो रूट को एक चांदी का बल्ला देकर सम्मानित किया। पूर्व टेस्ट कप्तान रूट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में अपने 10 हजार रन पूरे किए थे। रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में छह पारियों में 99 की औसत से 396 रन बनाए थे। उन्होंने इस दौरान दो शतक और एक अर्धशतक लगाये। उन्हें अपनी बल्लेबाजी के कारण न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के साथ संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बनाया गया था। रूट का अगर टेस्ट रिकॉर्ड देखें तो वह 120 मैचों में 10285 रन बना चुके हैं। उनका औसत 50.17 बना हुआ है। इस बल्लेबाज ने अब तक 27 शतक और 54 अर्धशतक बनाये हैं।

### काउंटी क्रिकेट खेलेंगे सुंदर

**बेंगलुरू ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर दीपक चाहर अभी तक हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) से नहीं उबर पाये हैं। वहीं स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर अपने हाथ की चोट से उबर रहे हैं। अभी ये दोनो खिलाड़ी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन के दौर से गुजर रहे हैं। सुंदर इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर से खेलने के लिए इंग्लैंड जाने वाले हैं। बीसीसीआई की ओर से कहा गया, '' सुंदर तरह से फिटनेस हासिल करने के करीब है और अब उन्हें लय हासिल करनी है। इसके लिए वह काउंटी क्रिकेट खेलेंगे।'' वहीं कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान चोटिल होने वाले चाहर एनसीए में अपने सुबह के सत्र के दौरान अच्छी स्थिति में नजर आये।






## महामारी से टेलीविजन उद्योग को नुकसानः वैष्णवी धनराज

अभिनेत्री वैष्णवी धनराज, जो अपने शो आपकी नजरों ने समझा में नम्रता का किरदार निभा रही हैं, उनका कहना है कि महामारी के दौरान टेलीविजन उद्योग को नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन इसमें शामिल सभी लोग वापस लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि इस उद्योग की सबसे अच्छी बात है कि हर किसी के लिए यहां काम है। यह शोबिज का हिस्सा बनने के लिए बहुत अच्छा चरण है। मुझे पता है कि महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन हम वापस लड़ रहे हैं। चीजें जल्द ही बेहतर होंगी। इस बीच, अभिनेत्री ने कहा कि उनका शो काफी लोकप्रियता बटोर रहा है क्योंकि वे नए कंटेंट के साथ दर्शको के सामने आए हैं। उन्होंने कहा, लोग ऐसा कुछ भी नहीं देखना चाहेंगे जो उन्होंने पहले देखा हो या पसंद नहीं करते हों। इसलिए, दर्शकों के लिए हमेशा कुछ नया और रोमांचक लाने की चुनौती होती है जिसे लोग अपने समय से जोड़ कर देख सकें । इस शो के लेखकों और रचनाकारों की टीम शो के लिए बहुत अच्छा काम कर रही है।



## खुद को मजबूत कीजिए और ताकतवर होकर वापस आइए:शिल्पा शेट्टी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने सोमवार को इंटरनेट पर समय बिताने वालों (नेटिजन्स) के लिए एक सलाह साझा करते हुए कहा कि हमारे आस-पास जो कुछ भी हो रहा है, अगर आप उससे व्याकुल हैं, तो फिर सोशल मीडिया से ब्रेक लेना ठीक है। शिल्पा ने खुद की एक तस्वीर साझा करते हुए इंस्टाग्राम पर लोगों को प्रोत्साहित किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हमारे आस-पास जो कुछ भी हो रहा है, अगर आप उससे व्याकुल हैं तो सोशल मीडिया से ब्रेक लेना ठीक है। उन सभी के लिए जो कोविड-19 से जूझ रहे व्यक्ति के साथ हैं या फिर जो संसाधनों को खोजने में दूसरों की मदद कर रहे हैं। मैं समझ सकती हूं कि यह लड़ाई हम में से किसी के लिए भी आसान नहीं है। कुछ समय के लिए छुट्टी लें। आपको मानसिक रूप से एक ऐसी जगह पर होना चाहिए।



# कृति सेनन की फिल्म हो सकती हैं ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज



बॉलीवुड की अभिनेत्री कृति सेनन आने वाले दिनों में कई फिल्मों से नजर आने वाली हैं। जिसकी शूटिंग वो पिछले काफी समय से कर रही है। कृति सेनन की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में मिमि फिल्म भी शामिल है। जो पिछले कई दिनों से सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई खबरें सामने आती रहती है। बता दें कि फिल्म का ऐलान काफी समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। जिसका पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया था। अब कृति सेनन की इस फिल्म को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि कृति की फिल्म जल्दी ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज की जा सकती है। फिल्म का निर्देशन दिनेश विजन ने किया है। जिसमें कृति सेनन का किरदार बेहद अलग है। इसमें अभिनेत्री एक सरोगेट मदर के रोल में नजर आएंगी। कृति सेनन के अलावा फिल्म में पंकज त्रिपाठी का भी अहम रोल होने वाला है। फिल्म को लेकर कहा जा रहा है कि, फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज की जा सकती। जिसके लिए इन दिनों मेकर्स की ओटीटी प्लेटफार्म से बात भी चल रही है। हालांकि बता दें कि फिल्म की रिलीज पर कोई भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि मेकर्स की तरफ से नहीं किया गया है। इस वक्त देश में कोरोना वायरस की वजह से हालात काफी खराब हैं। देश के कई राज्यों में सिनेमा हॉल को बंद कर दिया गया है। जिसकी वजह से मेकर्स अब अपनी फिल्मों को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कर रहे हैं। कई बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट को भी मेकर्स ने टाल दिया है। अगर हम बात करें कृति की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वो जल्द ही वरुण धवन की फिल्म भेड़िया में नजर आने वाली है।



## फडणवीस नए चाणक्य!

महाराष्ट्र की राजनीति में 10 जून से 29 जून के दौरान जो कुछ भी हुआ, उसे देखकर यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही छत्रपति शिवाजी महाराज की धरती के असली चाणक्य हैं और निःसंदेह मराठा क्षत्रप शरद पवार का युग लगभग समाप्त हो चुका है। इसे पवार को स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि यह भी साबित हो गया है कि बालासाहेब ठाकरे के अयोग्य उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाकर उनकी आड़ में राज्य में सत्ता के संचालन की उनकी कोशिश अंततः नाकाम हो गई। शरद पवार की इमेज जहां आज भी वर्ष 1978 के उस राजनेता की है, जिसने मुख्यमंत्री वंसतदादा पाटिल के साथ कपट किया और उनके विधायकों को तोड़कर राज्य की सत्ता हथिया ली थी। पवार आज भी उस तिकड़मी छवि से बाहर नहीं आ सके हैं। लेकिन दूसरी ओर फडणवीस की इमेज मौजूदा राजनीतिक बवंडर के दौरान जेंटलमैन नेता की बनी रही। एकनाथ शिंदे से बगावत करवाई, लेकिन इसे शिवसेना का अंदरूनी मामला करार दे दिया। शिवसेना विधायकों की बगावत करवा करके फडणवीस ने पवार और उद्धव दोनों को उन्हीं की स्टाइल में करारा जवाब दिया है। चतुर राजनेता की चतुर नीति से सांप भी मर गया और लाठी भी नहीं टूटी। एक तरह से यह 2019 का भूल-सुधार भी कहा जाएगा। देश की राजनीति में फडणवीस का ग्राफ बहुत तेजी से बढ़ा है। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बारे में यही कहा जा सकता है कि पवार के झांसे में आकर सेक्युलर बनने का उनका फैसला ब्लंडर साबित हुआ और इस चक्कर में उन्होंने अपने पिता की विरासत को भी गंवा दिया। राजनीतिक हलकों में 22 जून से ही कहा जा रहा है कि वर्षा छोड़ते समय उद्धव सीएम पद भी छोड़ दिए होते तो थोड़ी सहानुभूति मिलने की गुंजाइश रहती। उद्धव ठाकरे ने अगर अपने पिता की विरासत को गंवा दी तो उसके लिए वह उसी तरह जिम्मेदार हैं, जिस तरह 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा-शिवसेना गठबंधन टूटने के लिए भाजपा नेतृत्व को जिम्मेदार माना था और चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बारे में इस तरह का कमेंट किया था, जिससे आम तौर पर परिपक्व नेता बचता है। 2014 के चुनाव प्रचार में उद्धव के भाषण से साफ हो गया था कि उन्हें भविष्य जब भी मौका मिलेगा, वह भाजपा से बदला जरूर लेंगे। यहां फडणवीस उनकी मंशा भांपने में असफल रहे। भाजपा को सबक सिखाने के चक्कर में उद्धव पवार के चक्रव्यूह में फंस गए। कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर महाविकास अघाड़ी का गठन किया। सीनियर ठाकरे की परंपरा से हटकर मुख्यमंत्री बने और बेटे को भी मंत्री बना दिया। सीएम बनने के बाद तो हिंदू हृदय सम्राट बाल ठाकरे की शिवसेना सेक्युलर शिवसेना के रूप में ट्रांसफॉर्म होने लगी। उद्धव ने शिवसेना को ऐसी सेक्युलर राजनीतिक दल बना दिया जो हिंदू विरोधी कार्य करती दिख रही थी। जो जिंदगी भर शिवसैनिक राग हिंदू आलापता था, वह समझ ही नहीं पाया कि उद्धव साहेब यह क्या कर रहे हैं। वे देख रहे थे कि हिंदूवादी शिवसेना सरकार हिंदुत्व के पैरोकारों की ही ऐसी की तैसी कर रही है। ढाई साल में शिवसेना हिंदू-विरोधी पार्टी बन गई। इससे शिवसेना विधायकों की हवाइयां उड़ने लगी। उन्हें साफ दिखने लगा कि उद्धव की हिंदू विरोधी नीति से उनका राजनीतिक करियर खत्म हो जाएगा। यही वजह है कि जब एकनाथ शिंदे ने उद्धव का विरोध करने की पहल की तो तो तिहाई से ज्यादा विधायक उनके साथ हो लिए। अब तो भविष्य में उद्धव के साथ रहने वाले 10-12 विधायक और राज्यभर में शाखा प्रमुख के भी शिंदे खेमे में चले जाएं तो हैरानी नहीं होगी।

# तीस्ता सीतलवाड़ के डरावने दंद-फंद

अनिल बिहारी श्रीवास्तव

बात सम्भवतः 2012 या 2013 की है। औरंगाबाद में एक प्रमुख दैनिक के दफ्तर में सोशल एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ से मुलाकात हुई थी। आधा-पौन घण्टे की मुलाकात के दौरान तीस्ता की जुबान ने एक पल के लिए ब्रेक नहीं लिया। उसके जाने के बाद मस्तिष्क ने कुछ निष्कर्ष निकाले थे जो आज सटीक लग रहे हैं। जैसे, गुजरात दंगों पर इस कथित सामाजिक कार्यकर्ता का नजरिया सिरे से इकतरफा है, इसमें नरेंद्र मोदी का विरोध कूट-कूट कर भरा है, यह अकेली नहीं है बल्कि इसे आगे करके मोदी के राजनीतिक विरोधी, लिबरल लॉबी और कुछ विदेशी ताकतें अपना मिशन बढ़ाने की कोशिश कर रहीं हैं। तीस्ता के बारे में यह धारणा मजबूत हुई कि वह प्रोपेगण्डा चलाने और पब्लिसिटी लूटने के लिए किसी भी स्तर तक जा सकती है। 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आंखें खोल देने वाला है। इस फैसले ने तीस्ता और उसके जैसे कई लोगों की कलई खोल कर रख दी। सुप्रीम कोर्ट ने दंगों में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को एसआईटी द्वारा दी गई क्लीन चिट पर मुहर लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात दंगों के पीछे उच्च स्तरीय साजिश का आरोप लगाने वाली याचिका खारिज करते हुए सख्त लहज में कहा कि मामले को गर्म बनाए रखने के लिए आधारहीन और गलत बयानी से भरी याचिका दाखिल की गई। फैसले में उन व्यक्तियों और अधिकारियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की पैरवी की गई, जिन्होंने मामले को सनसनीखेज और राजनीतिक रूप से गर्म बनाने का प्रयास किया।

तीस्ता सीतलवाड़ को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उसके साथ-साथ कुछ अन्य लोगों पर भी बेकसूरों को फंसाने की साजिश रचने का आरोप है। जांच के शुरूआती दो दिनों में उसने मुंह नहीं खोला। माना जा रहा है कि जल्द ही वह उगलेगी कि आखिर किसकी शह और मदद से वह मोदी को बदनाम कर उनका राजनीतिक जीवन खराब करने में जुटी थी। यह साफ हो चुका है कि अपना हित साधने की गरज से वह गुजरात दंगों से संबंधित जकिया जाफरी याचिका में दिलचस्पी लेती रही और तथ्यों को मन मुताबिक गढ़ती रही। इस मामले में तीस्ता के अलावा गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर. बी. श्रीकुमार को हिरासत में लिया गया है। श्रीकुमार को तीस्ता के एनजीओ सिटीजन्स फार जस्टिस एंड पीस में सहयोगी बताया जाता है। ऐसा माना जाता है कि तीस्ता के एनजीओ को दिल्ली और देश के अन्य भागों में प्रभावशाली लिबरल और राजनेताओं का आशीर्वाद प्राप्त रहा है। एक अन्य पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट के विरूद्ध भी मामला पंजीबद्ध किया गया है। भट्ट पहले से ही पालनपुर जेल में बंद हैं।

मोदी को क्लीन चिट मिलने और तीस्ता को हिरासत में लिए जाने के बाद मौलाना आजाद उर्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और मुस्लिम कारोबारी जफर सरेशवाला ने जो आरोप लगाया है उससे कांग्रेस भी कठघरे में खड़ी नजर आने लगी है। कभी तीस्ता के सहयोगी रहे सरेशवाला का कहना है कि गुजरात में दंगा पीड़ित मुसलमानों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काया और डराया जाता था। तीस्ता तत्कालीन यूपीए सरकार के नेताओं के इशारे पर एजेंडा चला रही थी। ये लोग नहीं चाहते थे कि जो हुआ उसे भूल कर मुसलमान आगे बढ़ें। दौलत और शोहरत की भूखी तीस्ता पूरी तरह से कांग्रेस के दिग्गज नेता अहमद पटेल के इशारे पर काम कर रही थी। अहमद पटेल को सोनिया गांधी और राहुल गांधी का काफी करीबी माना जाता था। गुजरात दंगों को लेकर फैलाये जाते रहे झूठ के अभियान का मकसद मोदी और भाजपा की छवि खराब करना रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विरोधियों को मोदी की क्षमताओं का अहसास था इसलिए उनकी छवि खराब करके उन्हें सियासी मैदान से बाहर करने की साजिश की जा रही थी। सरेशवाला ने दंगों की त्रासदी झेली थी। कभी वह भी नाराज थे लेकिन 2004 में उन्हें अहसास हो गया कि मुसलमानों का हितैषी बन कर एक लॉबी अपना उल्लू सीधा करने में लगी है। गुजरात दंगे, मोदी और गुजरात से जुड़े घटनाक्रम काफी कुछ संकेत देते हैं। 27 फरवरी 2002 को अयोध्या से साबरमती एक्सप्रेस से लौट रहे 59 कारसेवकों को गोधरा स्टेशन पर जिंदा जला दिया गया। उसके दूसरे ही दिन गुजरात के कम से कम आठ जिलों में दंगे भड़क गए। 28 फरवरी को उग्र भीड़ के हमले में कांग्रेसी सांसद एहसान जाफरी समेत 69 लोग मारे गए थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार गुजरात दंगों में 1044 मौतें हुई थीं। लगभग 250 लोग लापता हो गए। ढाई हजार लोग घायल हुए थे। मरने वालों में 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे। अन्य सूत्रों का मानना है कि गुजरात दंगों में 1926 लोग मारे गए थे। लिबरल लॉबी, कतिपय विपक्षी पार्टियां और वामपंथ से प्रभावित पत्रकार और बुद्धिजीवी इसे गुजरात की तत्कालीन मोदी सरकार के इशारे पर किया गया नरसंहार बताते रहे हैं जबकि गोधरा कांड पर प्रतिक्रिया ने साम्प्रदायिक दंगे का रूप ले लिया था। दंगों में हिंदू भी मारे गए थे। एक खास लॉबी सिर्फ मुसलमानों की बात करती रही है। गोधरा कांड और दंगों में हिंदुओं की मौत पर उसने कभी मुंह नहीं खोला। तत्कालीन सरकार, मोदी और भाजपा के विरूद्ध मुसलमानों को बरगलाने में पूरी ताकत झोंक दी गई थी। तीस्ता एक मोहरा मात्र कही जा सकती है। एक खास बात नोटिस की गई। तीस्ता को कांग्रेस से काफी सम्मान और महत्व मिलता रहा है। 2002 कांग्रेस के द्वारा सालाना दिया जाने वाला राजीव गांधी सद्भावना अवार्ड हर्षमंदर के साथ उसे दिया गया था। 2006 में प्रतिष्ठित नानी पालखीवाल पुरस्कार और 2007 में कांग्रेस की अगुआई वाली यूपीए सरकार ने उसे पद्म श्री से सम्मानित किया था। तीस्ता पर आरोप भी लगते रहे हैं। भाजपा का आरोप है कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही तीस्ता के एनजीओ को एक करोड़ 40 लाख रुपये दिये गए थे इस धन का उपयोग नरेंद्र मोदी के विरूद्ध अभियान चलाने और देश को बदनाम करने के लिए किया गया था। यह तथ्य सामने आ चुका है कि वह तत्कालीन आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट और गुजरात के कुछ खास कांग्रेसी नेताओं के लगातार संपर्क में रहती थी। संजीव भट्ट का प्रयास रहता था कि तीस्ता के एनजीओ के माध्यम से मामलों को प्रभावित किया जाए। जाकिया एहसान जाफरी के मामले में कहा गया है कि तीस्ता ने एक वकील के साथ पहले अंग्रेजी में हलफनामे बनवा कर टाइप करा लिये थे फिर उन पर संबंधितों से हस्ताक्षर या अंगूठे के निशान ले लिये गये थे। तीस्ता पर गवाह पर दबाव डालने का आरोप भी लग चुका है। कहा जाता है कि 2004 में चर्चित बेस्ट बेकरी मामले में उसने एक प्रमुख गवाह कुछ खास बयान देने के लिए दबाव डाला था। तीस्ता का एक पूर्व सहयोगी शपथपत्र देकर आरोप लगा चुका है कि दंगों से संबंधित पांच संवेदनशील मामलों में गवाहों के बयान के रूप में दर्ज साक्ष्यों से छेड़छाड़ की गई थी। 2009 में एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि एसआईटी के अनुसार तीस्ता ने हिंसा के कुछ मामले यूं ही गढ़ लिए। काल्पनिक घटनाओं के झूठे गवाह सिखा-पढ़ा कर खड़े कर दिए गये थे। कुल मिलाकर कर तीस्ता %शौय-गाथा% खासी लंबी है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सही कहा है कि नरेंद्र मोदी 18-19 साल तक अपमान सहते रहे। दुष्प्रचार के इस अभियान में तीस्ता सीतलवाड़ का एनजीओ, कुछ पत्रकार और विरोधी राजनीतिक दलों की तिकड़ी शामिल थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस, लालू यादव और वामदलों पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला विपक्षी दलों के लिए बड़ा झटका है। तीस्ता के पास अपने बचाव में बोलने के लिए क्या है? मोदी और भाजपा के विरूद्ध झूठ से भरे उसके शरारती अभियान से दुनिया भर में भारत की छवि खराब हुई थी। अब जरूरी है कि उन सभी चेहरों को बेनकाब किया जाए तीस्ता के पल्लू की आड़ में लोकतंत्र के साथ किए जा रहे घोर पाप में सहभागी थे। ऐसे दंदी-फंदी लोग सिर्फ मोदी अकेले के अपराधी नहीं हैं।

## कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बंद ना करें

अपने विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी। सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वार्तालाप शुरू होता है।

**कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।**
**की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही। देखउं अति असंक सठ तोही।।**

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निःशंक देख रहा हूं। मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे। हनुमानजी की विशेषता यही थी कि वे अपने विचारों का मूल्यांकन करते रहते थे। दरअसल रावण यह मानता ही नहीं था कि वह अहंकारी है।

## एक और अजीबो-ग़रीब क़ानून की तैय्यारी में सरकार?

निर्मल रानी



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पिछले दिनों दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान कहा कि वह सड़क पर %ग़लत तरीक़े % से वाहन खड़े करने की %प्रवृत्ति% को रोकने के लिए एक क़ानून लाने पर विचार कर रहे हैं। इस क़ानून के तहत जो व्यक्ति %ग़लत तरीक़े% से गाड़ी की पार्किंग करेगा, उस वाहन मालिक के ख़िलाफ़ 1000 रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा। साथ ही यह भी की जो व्यक्ति %ग़लत तरीक़े% से पार्क की गयी गाड़ी की फ़ोटो खींच कर भेजेगा यानी %सरकार की मुख़बिरी% करेगा,सरकार उसे 500 रुपये की धनराशि इनाम के तौर पर भी देगी। गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से एक कंप्लेंट नंबर भी जारी किया जायेगा। गोया इस क़ानून के बनने के बाद अब रोड साइड पर केवल चार पहिया वाहन ही नहीं बल्कि मोटरसाइकिल स्कूटर व स्कूटी आदि खड़ी करने वाले लोगों को भी जुर्माना देना होगा। इस क़ानून को लाने के पीछे गडकरी का तर्क है कि लोग अपने वाहनों के लिए पार्किंग नहीं देखते हैं। कहीं भी बाइक या अन्य वाहन खड़ा कर देते हैं। अतः इस नियम के शुरू होने से लोगों को ध्यान रहेगा कि ग़लत जगह पार्किंग करने पर एक हज़ार रुपये देना होगा। साथ ही इनाम के कारण लोग जागरूक भी होंगे। गडकरी के इस बयान के बाद ही आमलोगों में इस प्रस्तावित क़ानून को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है। लोग यह बातें करने लगे हैं कि ऐसा क़ानून जनहितकारी होगा या इससे जनता में परेशानी और वैमनस्य बढ़ेगा ? कहीं यह क़ानून भी नोटबंदी की तरह जन अहितकारी तो साबित नहीं होगा ?

इसमें कोई शक नहीं कि हमारे देश के आम लोग जनसाधारण से जुड़ी तमाम बातों को लेकर काफ़ी लापरवाह हैं। अतिक्रमण,इसके चलते बाज़ारों में जाम की समस्या,ग़लत तरीक़े से गाड़ी पार्क कर देना,जहां चाहा वहीं खड़े होकर मूत्र विसर्जन करने लगना,कूड़ा करकट सड़कों,गलियों व नालियों में फेंकना यहाँ तक कि पान,तंबाकू खैनी आदि खाकर कहीं भी थूक देना जैसी असहज करने वाली अनेक प्रवृति गोया लोगों का स्वभाव बन चुकी है। कोई भी सभ्य समाज इसे क़तई अच्छा नहीं कह सकता। परन्तु यह एक सच्चाई है। अंग्रेज़ों ने इन सबसे बचने का दूसरा तरीक़ा निकाला था जिसे हम भारतीय नापसंद करते थे। उदाहरण के तौर पर इलाहाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र में शहरी क्षेत्र से प्रवेश करने के मुख्य द्वारा यानी निरंजन सिनेमा के निकट रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे ब्रिटिश शासनकाल में एक बोर्ड लगाया गया था जिसपर लिखा था कि कोई भी भारतीय सायंकाल 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक सिविल लाइन क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकता। और भारतीय लोगों को रोकने के लिए इसी जगह पर दो भारतीय घुड़सवार खड़े होते थे जो अंग्रेज़ों के इस आदेश को अमल में लाते थे। बुज़ुर्ग बताते हैं कि ऐसा नियम इसी लिये था कि शाम के वक़्त अंग्रेज़ों का परिवार सैर सपाटा और शॉपिंग करने निकलता था और अंग्रेज़ नहीं चाहते थे कि उस दौरान कोई सड़कों पर खड़े होकर मूत्र विसर्जन करता या थूक कर सार्वजनिक स्थलों को लाल पीला करता या अनर्गल चीख़ता चिल्लाता या अंग्रेज़ मेम्स की नंगी टांगें या उनके लिबास को निहारता दिखाई दे। अतः हम भारतवासियों के एक बड़े वर्ग की असहज व विचलित करने वाली इस तरह की प्रवृत्तियों से निश्चित रूप से इंकार नहीं किया जा सकता। परन्तु स्वतंत्र देश में पार्किंग नियंत्रित करने के लिये प्रस्तावित ऐसे क़ानून वह भी जनता को सुख पहुँचाने वाले कम और सरकारी राजस्व को बढ़ाने वाले व जनता को परेशान करने वाले अधिक प्रतीत होते हैं। इसके लिये तो सरकार को ही जगह जगह पार्किंग का प्रबंध करना चाहिये। ठीक वैसे ही जैसे कि निश्चित रूप से सड़क पर कहीं भी शौच या मूत्र विसर्जन ग़लत है। परन्तु यदि किसी को कहीं अचानक इसकी ज़रुरत महसूस हो तो इसके लिये जगह जगह साफ़ सुथरा शौचालय उपलब्ध कराना भी तो आख़िर सरकार की ही ज़िम्मेदारी है ? इसी तरह सरकार ने विभिन्न अलग अलग मार्गों व क्षेत्रों में वाहन की गति नियंत्रण के अलग अलग मापदंड बना रखे हैं। कहीं अधिकतम गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा है तो कहीं 60,80 या 100 किलोमीटर। परन्तु यदि कोई वी आई पी या वी वी आई पी इनमें से किसी भी मार्ग अथवा क्षेत्र से गुज़र रहा हो तो उसके लिये गति सीमा का कोई निर्धारण नहीं ?

# 143 वर्षीय हो गया भारतीय पोस्ट कार्ड

### सूडोकु नवताल- 6120

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -6119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

मनीष निमाड़े

लाखो करोड़ो परिवारों की खुशियाँ ,प्रेम,स्नेह,ओर सुख दुःख के संदेशो का वाहक रहा हमारा पोस्ट कार्ड जिसने परिवारों को सदा जोड़ा हि है ।

आज हमारा *भारतीय पोस्ट कार्ड* 143 वर्ष का हो गया है सदियों पूर्व आरम्भ सफर से आज के आधुनिकतम युग ने भी इसका हमारे बिच होना इसकी महत्ता ओर उपयोगिता को दर्शाता है ।

अत्यधिक तेजी से दौड़ती भागती जीवन शैली मे आधुनिक संचार प्रणाली इंटरनेट के आ जाने से सूचना ,संदेश, हालचाल पाने ओर देने की गति दुगनी हो गई ओर इन सभी मे व्हाट्सएप, ईमेल,ट्वीटर,एस एम एस,इंस्टा,फेसबुक चैट की भूमिका प्रमुख हो गई है किन्तु एक दौर था जब शान्ति से बैठ तोल मोल कर गुढ प्रभावी अपने शब्दों को एहसास,प्रेम,अपनत्व रूपी श्याही से ÷पोस्ट कार्ड÷ पर लिख अपने प्रियजनों को भेजा जाता था ओर नजाने कितने घरों मे अधीरता से पोस्ट कार्ड की बाट जोही जाती थी । कई बार तो डाकिया के हाथो मे कार्ड देख कर हि घर के लोग खुशी से झूम जाते तो कभी फुट फुट कर बिलख पड़ते थे ।क्युकी कुमकुम रोली लगा कार्ड खुशियों का ओर कोना फटा कार्ड दुःख की सूचना का घोतक होता है ।

मोट आयताकार गत्ते के टुकड़े के अलावा लकड़ी, ताम्बा, कपड़ा, नारियल, चमड़े आदि से निर्मित भाँती भाँती के पोस्ट कार्ड का प्रचलन हुवा था । कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी की पोस्ट कार्ड ने जैसा देश वैसा भेष बना लिया ।रूप रंग आकार बदलते हमारे पोस्ट कार्ड की सुंदर ओर अविस्मरणीय यात्रा को अस्तित्व मे लाने का विचार सर्वप्रथम आष्ट्रीयाई प्रतिनिधि कोलबेस्टिनर के मानस पटल पर 01 जुलाई 1869 को आया था । इस बारे मे उन्होंने विनर न्योस्टन मे सैन्य अकदमी मे अर्थशास्त्र के प्रोफ़ेसर डॉ एमेन्यूल हमेंन को बताया उन्हे भी यह विचार अत्यधिक रोचक लगा ओर 26 जनवरी 1869 को स्थानीय समाचार पत्र मे इस सम्बन्धी लेख लिखा ।आष्ट्रीया के डाक मंत्रालय ने इसपर त्वरित कार्य किया ओर पोस्टकार्ड की पहली प्रति 01 अक्टूबर 1869 मे जारी की गई ,यही से पोस्टकार्ड की सुखद रोमांचक यात्रा आरम्भ हुई जिसे विश्व ने हाथो हाथ लिया।

पोस्टकार्ड का जितना सिमित आकर आज दिखता है उससे कई गुना अधिक इसकी असिमित कहानी है । प्रत्येक देश के साथ पोस्ट कार्ड की अपनी कहानी है इसे गूगल पर पोस्टकार्ड विकी पीडिया आदि से जाना जा सकता है ।हम अपने भारत वर्ष की बात करे तो 01 जुलाई 1879 का वह प्यारा सा दिन था जब पोस्टकार्ड का चलन हमारे देश मे आरम्भ हुवा ।यूँ तो पहला पोस्ट कार्ड पिलेरंग का जन्मा था । किन्तु भारत मे इसका नविन रूप हलके भूरे रंग का हुवा करता था जिसपर इस्ट इंडिया छपा था बिच मे ग्रेट ब्रिटेन का राजचिन्ह मुद्रित था ओर ऊपर की तरफ दोनो कोनो मे लाल भूरे रंग मे तसज पहने महारानी विकटोरिया की मुखकृति छपी थी ।बाद मे पोस्टकार्ड मे बदलाव आते रहे किन्तु इसके पसंद करने वालों की कनि नहीं रही । जब किसी अपने सम्बन्धी को डाक शुल्क के भार से मुक्त रखते हुवे उत्तर प्राप्त करना होता था तो कार्ड के साथ जुड़ा हुवा जवाबी कार्ड पर अपना पता लिख भेजा जाता था ।

भारत मे मात्र 03 पैसे के दाम वाला पोस्ट कार्ड 143 वर्ष की लम्बी यात्रा के बाद भी सामान्य मूल्य 50 पैसे हि है ।

14 सेमी लम्बा ओर 09 सेमी की चौड़ाई वाले पोस्ट कार्ड की जानकारी हमे भारतीय डाक सेवा की वेबसाइट पर सर्च करने से तिन प्रकार के पोस्टकार्ड उपलब्ध होते है ,एक सामान्य पोस्टकार्ड, दूसरा प्रिंटेड पोस्ट कार्ड ,ओर तीसरा मेघदूत पोस्ट कार्ड दिखता है ।

हमारे देश मे आज भी आम जन मानस कोई विशेष मांग सुझाव आदि हेतु प्रदानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख अपनी मनुहार करते जनसमर्थन देते है विश्व के सबसे विशाल परिवार यानी रेडिओ श्रोता आज भी पोस्ट कार्ड का उपयोग अपनी पसंद के कार्यक्रमों मे गीत सुनवाने का निवेदन करते है तो अच्छे कार्यक्रमों की प्रशंशा ,समीक्षा ओर सुझाव,शिकायत लिखते है। यही बात वे समाचार पत्रों के लिए भी पोस्टकार्ड के माध्यम से भेजते है ।पोस्टकार्ड के अध्ययन ,संग्रहण की विधा को आज डेल्टियोलोजी कहा जाता है । पोस्ट कार्ड के उलाहने किस्से आज भी मन को भवविभोर कर देते है ÷अरे भाई दस पैसे का पोस्ट कार्ड हि डाल देते ÷ या फिर विवाह पश्चात दूर गाँव,शहर की बेटी को जब अपनी माँ का लिखवाया गया कार्ड मिलता था तो उसे यूँ लगता था मानो कार्ड मे माँ समाई हुई है।

## महाराष्ट्र में नया प्रयोग गुट नेता मुख्यमंत्री: बड़े दल का समर्थन....?


ओमप्रकाश मेहता

देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र में प्रसिद्ध कवि रहीम की पँक्तियों का अक्षरशः पालन करते हुए सत्ता के मोह को त्याग कर शिवसेना से पृथक हुए विधायकों के गुट विशेष के मुखिया को मुख्यमंत्री का पद सौंप दिया है, संभवतः भारतीय प्रजातंत्र के इतिहास में यह एक अनूठा विस्मयकारी प्रयोग है, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने का श्रेय विधायकों के इसी गुट को है, जिसे भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन दिया है।

पिछले करीब एक पखवाड़े से राजनीतिक रूप से महाराष्ट्र सुर्खियों में है, शिवसेना की सरकार के प्रमुख उद्धव ठाकरे से नाराज होकर वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे अपने समर्थक शिवसेना के करीब अड़तीस विधायकों के साथ मुम्बई से पहले सूरत और बाद में गुवाहाटी चले गए थे। इस कारण उद्धव ठाकरे की सरकार अल्पमत में आ गई थी, क्योंकि उनके पास अपनी पार्टी के सिर्फ सोलह विधायक ही बचे थे। अन्ततः मामला सर्वोच्च न्यायालय तक गया और कल रात सर्वोच्च न्यायालय ने विधानसभा में शक्ति परीक्षण की अनुमति दे दी और इस शक्ति परीक्षण के पूर्व ही उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग होने के बाद एकनाथ शिन्दे के विधायक गुट ने भाजपा का समर्थन लिया और उद्धव को सत्ता छोड़ने को मजबूर कर दिया। शिवसेना से रूठे शिवसेना व कुछ निर्दलीय इस तरह कुल पचास विधायक गुवाहाटी से गोवा होते हुए मुम्बई लौट आए। इनके मुम्बई लौटने और उनके द्वारा भाजपा को समर्थन देने की घोषणा के बाद से ही राजनीतिक क्षेत्रों में यह तय माना जा रहा था कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगें।



# पोरसा की बेटी यूपीएससी उत्तीर्ण कर बनी डीएफओ, मुरैना में हुआ आत्मीय स्वागत





**मुरैना।** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जिले की प्रतिभाएं निखर कर सामने आ रही हैं। इसी श्रंखला में खरोआ जैन समाज की बेटी ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए वन मंडल अधिकारी की पोस्ट हासिल की है और उसे लगातार सोशल मीडिया पर जिले भर के लोगों द्वारा बधाई दी जा रही है, तो वहीं जिले के लोग अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शनिवार की सुबह मुरैना आगमन पर कु. उपमा जैन का गोपीनाथ की पुलिया पर भव्य स्वागत हुआ, वहीं उन्होंने जैन मंदिर में पधारे महाराज जी का आशीर्वाद लिया। बताया जाता है कि कु. उपमा जैन पुत्री श्रीमती गीता स्वर्गीय आलोक जैन निवासी पोरसा की बेटी है और पिता के निधन के बाद मां श्रीमती गीता एवं परिवार के लोगों ने ही उपमा जैन का हौसला बढ़ाया एवं उनके शिक्षकों का भी बड़ा योगदान रहा है। कु. उपमा जैन ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर की रैंक हासिल की है, जिसके बाद से उनका पोरसा तहसील के अलावा जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। शनिवार को मुरैना आगमन पर गोपीनाथ की पुलिया पर जैन समाज एवं अन्य समाज के लोगों के साथ-साथ रिश्तेदारों ने भी फूल मालाओं से स्वागत कर उपहार भी प्रदान किए और ढोल नगाड़े बजाए। वहीं महापौर प्रत्याशी के पुत्र युवा कांग्रेस के नेता सौरव सोलंकी ने भी कु. उपमा का फूलमाला से स्वागत किया एवं पैर छूकर आशीर्वाद लिया। स्वागत के बाद कु. उपमा जैन बड़ा जैन मंदिर पहुंची और वहां मुनि श्री का आशीर्वाद लिया।

### जैन मिलन ने किया उपमा का सम्मान

यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर की रैंक हासिल करने वाली पोरसा जैन समाज की बिटिया कु. उपमा जैन पुत्री श्रीमती गीता जैन स्व. आलोक जैन की बेटी का सम्मान जैन मिलन महिला द्वारा और समस्त जैन समाज द्वारा परम पूज्य मुनि श्री 108 अजीत सागर महाराज जी के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर जैन मिलन महिला की ओर से भावना जैन, सरिता जैन सहित अनेकों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## टीएसएस स्कूल में डॉक्टर्स डे पर बच्चों ने कहा हम भी करेंगे निःस्वार्थ सेवा



**मुरैना।** शहर के प्रसिद्ध टीएसएस स्कूल में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस को प्री-प्राइमरी के छात्रों ने मनाया और डॉक्टरों की निःस्वार्थ सेवाओं के लिए अपना प्यार और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने डॉक्टर की पोशाक पहनकर कहा कि वह भी डॉक्टर बनने एवं लोगों की सेवा करने की ख्वाहिश रखते हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बनवारीलाल गोयल एवं दंत चिकित्सक डॉ श्रीमती मेघा गोयल ने अपने विशेष संदेश और शुभकामनाओं के साथ प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने महामारी के दौरान डॉक्टरों द्वारा की गई अद्भुत सेवा के बारे में भी छात्रों को बताया और छात्रों ने उन्हें सलामी देते हुए ताली बजाकर सम्मान दिया।

## 176 सरपंच, 50 जनपद सदस्य और 8 जिला पंचायत सदस्यों के भाग्य का फैंसला मतपेटी में बंद

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2022 के तहत द्वितीय चरण में मुरैना और जौरा विकासखण्ड में मतदान शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें 176 सरपंच, 50 जनपद सदस्य और 8 जिला पंचायत सदस्यों के भाग्य का फैंसला मतपेटियों में शुक्रवार को बंद हुआ। जिसमें जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 7,8,9,10,11,12,13,14 शामिल है। मतगणना 4 जुलाई को मुरैना जनपद की पॉलीटेक्निक में और जौरा जनपद की मतगणना महाविद्यालय जौरा में होगी। विदित हो कि मुरैना जनपद के 106 सरपंच, 25 जनपद सदस्य और 5 जिला पंचायत सदस्यों के लिये चुनाव सम्पन्न हुआ। मुरैना जनपद के जिला पंचायत के वार्ड 7,8,9,10,11 और जौरा जनपद के जिला पंचायत

# नगरीय निकाय चुनाव : निगम मुरैना का बोलता विकास

### प्रदेश एवं निगम में भाजपा सरकार होने के बावजूद नहीं हुआ विकासः सोलंकी

### -कांग्रेस महापौर प्रत्याशी श्रीमती सोलंकी ने किया वार्ड 12 में सघन जनसंपर्क, लिया आशीर्वाद

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना से कांग्रेस पार्टी की महापौर प्रत्याशी श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी ने निगम में कांग्रेस की सरकार बनाने एवं पार्टी को जीत दिलाने के लिए शहर के वार्डो में जाकर सघन जनसंपर्क कर रही है।

इसी कड़ी में शनिवार की सुबह सैकड़ो कांग्रसी कार्यकर्ताओं व अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती शारदा राजेंद्र सोलंकी ने वार्ड 12 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सीधा संपर्क किया ओर आशीर्वाद व चुनाव में सहयोग करने के लिए कहा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों ने जगह-जगह तिलक लगाकर एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया, साथ ही बड़े बुजुर्गों ने श्रीमती सोलंकी को आशीर्वाद दिया। श्रीमती सोलंकी ने वार्ड की जनता से कहा कि 7 साल से नगर पालिक निगम मुरैना में भारतीय जनता पार्टी का महापौर था, केंद्र एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, उसके बाद भी मुरैना नगर पालिक निगम की हालत बद से बदतर है। चारों तरफ हर गली मोहल्ले की सड़कें उखड़ी पड़ी है, नालियां टूटी पड़ी हैं। गंदगी के ढेर लगे हैं। पानी के निकास की उचित व्यवस्था नहीं है। आवारा पशु चारों तरफ घूमते रहते हैं। कई बार तो इन आवारा पशुओं से बच्चे महिलाएं को चोटिल भी कर दिया है। मैं आप सबसे वादा करती हूं, अगर आप सब ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैं जीत कर महापौर बनी तो मुरैना का चहुमुंखी विकास करूंगी। उन्होंने कोर्ट के सामने वाली रोड, के एस कोठी वाली रोड, मैन चौराहा, हरीसिंह कोठी वाली रोड, कमिश्नरी कॉलोनी में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क में उनके साथ वार्ड 12 से कांग्रेस पार्षद पद के प्रत्याशी नरेंद्र सिकरवार, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह भदौरिया, शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष बाथम, रामू मोटा, मोनू सोलंकी, सौरव सोलंकी, मनोहर शर्मा, नितिन गोयल सहित सैकड़ों की तादात में महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लेकर श्रीमती सोलंकी के साथ जनसंपर्क कर रही थी।



## उदयपुर दर्जी हत्याकांड के आरोपियों को फांसी देने की मांग



**मुरैना।** हिंदू समाज के लोगों ने शनिवार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर उदयपुर हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। ज्ञापन में हिंदू समाज के लोगों ने बताया कि 28 जून को उदयपुर राजस्थान में कन्हैयालाल साहू टेलर की निर्मम हत्या कर दी गई और यह आतंकवादी संगठन ने की है, जिससे सभी की भावनाओं को ठेस पहुंची है। आतंकियों ने घटना को दिनदहाड़े अंजाम दिया और वीडियो वायरल किया है, ऐसे हत्यारों को सरेआम फांसी पर लटकाया जाना चाहिए, जिससे आमजन में कानून के प्रति विश्वास बढ़े। हिंदू समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर शीघ्र फांसी देने की मांग की है एवं मांग पूरी ना होने पर देशव्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी है।




## भाजपा के विरोध मैं करेंगे मतदान, सहारा अभिकर्ता एवं निवेशकों ने दिया ज्ञापन



**कैलारस।** सहारा कंपनी से ब्लॉक कैलारस के हजारों निवेशकों को समय पर पैसा न मिलने के कारण निवेशक एवं अभिकर्ता दोनों ही काफी मानसिक तनाव में हैं। ब्लॉक कैलारस के करीब 7000 निवेशकों ने करीब 50 करोड रूपए की धनराशि सहारा कंपनी में इस आशय के साथ जमा की गई थी कि उन्हें समय से भुगतान कंपनी द्वारा कर दिया जावेगा। निवेशकों की जमा पूंजी की रिफंड तारीख को निकले हुए 4 से 5 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं परंतु उनका पैसा अभी तक कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में प्रशासन एवं केंद्रीय मंत्रियों से भी कार्यालय दिल्ली तथा ग्राम बहरारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को समस्या का निदान कराने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किए गए । जिन पर अभी तक इसमें कोई भी प्रभावी कार्यवाही राजनेताओं द्वारा नहीं की गई है।

इस सभी से परेशान होकर कैलारस क्षेत्र के सहारा अभिकर्ताओ एवं निवेशकों द्वारा गत 2 दिन पूर्व लिए गए निर्णय के अनुसार आज तहसीलदार कैलारस भरत कुमार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उन्हें दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में अति शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो कैलारस के अलावा पूरे जिला मुरैना के निबेशक एवं अभिकर्ता नगरीय निकाय चुनाव तथा पंचायत के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ माहौल बनाकर विरोध में मतदान करेंगे। इस संबंध में लिए गए निर्णय के अनुसार कैलारस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बैनर भी लगाए जाएंगे तथा निवेशक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर इससे संबंधित एक स्टीकर भी कई घरों पर शीघ्र लगाने जा रहे हैं। इसके अलावा यह ग्रोथ भुगतान न होने तक प्रत्येक चुनाव में चलता ही रहेगा। ज्ञापन देने वालों में राधेश्याम बंसल, विष्णु प्रसाद सिंघल, दिनेश चंद गुप्ता, मनोज आचार्य, नंदकिशोर मित्तल, हरिशंकर बंसल, रोशन लाल गुप्ता, मातादीन बंसल, बंटी शर्मा व्यास, राम प्रजापति, रवि शर्मा, विनोद कश्यप, राजू गुप्ता, अमित शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र गर्ग, गिर्राज सिंघल, पवन गुप्ता, हरिओम बंसल एवं अन्य अभिकर्ता व निवेशक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।




## पंचायत चुनाव द्वितीय चरण में मुरैना में 78.58 और जौरा में 77.58 प्रतिशत हुआ मतदान

**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मुरैना जिले के दो विकासखण्डों मुरैना और जौरा की सभी 176 ग्राम पंचायतों में श्मतदान सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना विकासखण्ड के अन्तर्गत 78.58 प्रतिशत और जौरा विकासखण्ड में 77.58 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरैना विकासखण्ड में 78.57 पुरूष और 79.85 प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार जौरा विकासखण्ड के अन्तर्गत 76.72 प्रतिशत पुरूष और 78.62 प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का उपयोग किया। त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में जिले की महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया।



# आम आदमी महंगाई बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार से त्रस्त, भाजपा के नेता और मंत्री मस्त डॉ. शोभा सिकरवार

## 2 जुलाई छत्तीसगढ़ बंद को सफल बनाने विनय पाण्डे जी पूर्व मंत्री चैम्बर आफ कामर्स ने किया

छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कामर्स के आव्हान पर अमलीपदर बन्द सफलता पूर्वक संपन्न हुआ विनय पाण्डे जी के नेतृत्व में राजस्थान के उदयपुर में



तालिबानी सोच रखने वाले लोगो के द्वारा कन्हैया लाल की नृशंस व बर्बरता पूर्वक हत्या के विरोध में 2 जुलाई को आयोजित छत्तीसगढ़ बन्द का पूर्ण समर्थन करते हुए जनता से आव्हान किया कि बंद को सफल बनाकर तालिबानी सोच वाले ऐसे लोगो को पुरजोर विरोध करे , क्योकि हमारा आज सुरक्षित रहेगा तभी कल सुरक्षित रह सकता है । जनता बंद को सफल बनाकर संगठित व समर्थ भारत का संदेश देवे । श्री पाण्डे जीने छत्तीसगढ़ की जनता से आह्वान किया कि वे 2 जुलाई को अपना *व्यावसाय , व्यापार , दुकानें, संस्थान , बाजार,बंद कर बंद को पूर्ण सफल बनायें व देश विरोधी , पाकिस्तान परस्त , तालिबानी सोच रखने वालों लोगो को मुंहतोड़ जवाब देवे विनय पाण्डे जी के नेतृत्व में बन्द सफल रहा सभी दुकानें बन्द रही

## समाज सेवी श्यामू ठाकुर ने उनके ग्रह निवास पहुँचकर प्रताप सिंह तोमर उर्फ रघु भैया को मिठाई खिलाकर बधाई दी

पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।।** चंबल की शान प्रबल प्रताप सिंह तोमर उर्फ रघु भैया को भारत स्काउट्स और गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय में राष्ट्रीय आयुक्त (मुख्यालय)



युवा गतिविधि का दायित्व मिलने पर उनके स्वजनों व समाज सेवी श्यामू ठाकुर ने उनके ग्रह निवास पहुँचकर मिठाई खिलाकर बधाई दी व ईश्वर से उनके उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इसी तरह अपने पद पर अग्रसर बने इस मौके श्यामू ठाकुर ने अनिल जैन (भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य) और के?के खंडेलवाल ( रेरा चेयरमेन हरियाणा ) का बहुत बहुत धन्यवाद बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे राहुल चौरसिया किशन सिंह बगरा रवि सोनी बबलू चौरसिया आशुतोष सिंह आदि जन उपस्थित रहे



## कांग्रेस की महापौर उम्मीदवार डॉ. शोभा सिकरवार का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी की महापौर पद की उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा है कि भाजपा ने लोगों को झूठे वायदे कर शहर विकास के सपने दिखाए, मगर धरातल पर हकीकत सबके सामने है हर आदमी महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार से परेशान है भाजपा के नेता आम आदमी से जुड़ी समस्याओं को खत्म करने की बात नहीं करते गरीबों को राहत देना तो दूर उनके बारे में जरा भी नहीं सोचते हैं मेरा आप सभी से निवेदन है कि शहर के विकास को प्रगति के लिए कांग्रेस को जितायें हम भरोसा दिलाते हैं हम शहर का कायाकल्प करेंगे

महापौर पद की उम्मीदवार श्रीमती शोभा सिकरवार ने आज वार्ड 18 एवं 19 में सैकड़ों कांग्रेस जनों के साथ जनसंपर्क किया और दो दर्जन स्थानों पर बैठकें की जनसंपर्क में अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा है और जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ जनसंपर्क के दौरान आम जनों से चर्चा करते हुए डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि बात करते हैं महिला सशक्तिकरण की और महिलाओं को सबसे ज्यादा अपमानित भाजपा ही करती है भाजपा सिर्फ झूठे वादे करती है जनता जान चुकी है कि लंबे समय निगम में काबिज रहने के बाद कोई विकास नहीं किया है। निगम के औषधालय बंद पड़े हैं इन्हें हम दुरस्त करवाएंगे उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्री नेता मस्त हैं, और हर तरह से जनता त्रस्त है, कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि जनता ने भाजपा को घर बैठाने का मन बना लिया है।

## महापौर प्रत्याशी डॉ. शोभा सिकरवार जी का समर्थन करता है ग्वालियर का बाल्मीकि समाज



**ग्वालियर।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रघुवीर खरे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले 55 वर्षों से नगर निगम ग्वालियर में भारतीय जनता पार्टी की परिषद रही हैं। सन 1896 में सिंधिया राजवंश द्वारा लश्कर म्युनिसपल पार्टी का गठन किया जाकर सफाई हेतु 1121 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की गई। लगभग 125 वर्ष गुजरने के बाद नगर निगम ग्वालियर में नियमित सफाई कर्मचारियों के पदों की कोई वृद्धि नहीं की गई, बल्कि 1121 पदों में से केवल अब 800 नियमित सफाई कर्मचारी रह गए हैं। जबकि शहर की जनसंख्या 20 लाख के पार हो गई है तथा क्षेत्रफल भी 3 गुना बढ़ गया है। भाजपा शास्ति निगम परिषद द्वारा बाल्मिक समाज को धोखे में रखकर नियमित सफाई कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की गई बल्कि ठेका प्रथा लागू कर दी गई। जिससे बाल्मीक समाज की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई। वर्तमान में 7000- रुपए के वेतन से सफाई कर्मचारियों के परिवार का पालन पोषण संभव नहीं है। भाजपा द्वारा पिछले निकाय चुनाव की तरह इस बार भी बाल्मिक समाज के एक भी कार्यकर्ता को पार्षद पद का टिकट नहीं दिया। जिससे बाल्मिक समाज में भारी गुस्सा एवं रोष व्याप्त है। भाजपा कभी नहीं चाहती कि एक भी बाल्मिक निगम परिषद में प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होकर अपने हक और अधिकार की बात कर सके। ग्वालियर बाल्मिक समाज से अपील है कि दिनांक 6 जुलाई 2022 को होने जा रहे निगम के पार्षद एवं महापौर पद की प्रत्याशी डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार को अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का उपयोग कर विजयी बनाएं। अपील करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी श्री आर. सी. बेनबाडिया, अशोक मौरे, रामात्रे करौसिया, गंगाराम मेहता, विकास खरे, नंदू लाल नरवारे, रवि करौसिया, करण बैहरुआ आदि शामिल रहे।

## बेंगलूर बलेपेट वडेर में जयकारों के साथ हूई शीतला माता की मुर्ति स्थापना

पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा

**बेंगलूर-** श्री सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट आईमाताजी वडेर बलेपेट में एक शाम शीतला माता के नाम भजन संध्या का विशाल आयोजन किया गया है । अध्यक्ष शोभाराम चोयल द्वारा सभी को इस कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए सभी का आभार व्यक्त किया ।महोत्सव में सर्वप्रथम आई माताजी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सांय 6 बजे भजन गायक कलाकार श्रवण कुमार एंव राजुराम सीरवी एंड पार्टी द्वारा राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय बन गया । इस अवसर पर शीतला माता मुर्ति स्थापना की बोलियों का कार्यक्रम में समाज बन्दुओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया । शीतला मूर्ति की स्थापना की बोली मोतीलाल लचेटा, श्रंगार की बोली मांगीलाल चोयल, बाल भोग की बोली गोमाराम लचेटा, आरती की



बोली फाऊलाल परिहारिया एंवम् भवन उद्घाटन पर होम में मुख्य जनमान की बोली लाभार्थी फाऊलाल परिहारिया, इस अवसर पर उपाध्यक्ष भंवरलाल चोयल, सह कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौड़, सह -सचिव दलाराम देवड़ा, खुमाराम लचेटा, खेल मंत्री हरजीराम आगलेचा , डुगाराम परिहार, सवाराम भायल ,थानाराम राठौड़, महासभा के अध्यक्ष विरमराम सोलंकी भूर्त पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल गेहलोत, पूर्व सह सचिव हरिराम गेहलोत, अमराराम चोयल, सेवा संग के सचिव मिश्रीलाल, सांस्कृतिक अध्यक्ष रूपाराम पवार एवम् सम्सत समाज के गणमान्य सदस्य एंव सेवा संघ महिला मंडल, गैर मंडल मौजूद थे।समाज बन्धुओं प्रसादी ग्रहण किया । शुक्रवार सुबह पंडित रविप्रकाश के सानिध्य में विधी-विधान मंत्रोच्चार व जयकारों गाजे-बाजो के साथ शीतला माता की मुर्ति स्थापना की गई। महिलाओं ने शीतला माता के गीत गाए ।महोत्सव में सेवा संघ, सांस्कृतिक समिति, गैर महिला मंडल का विषेश सहयोग रहा। इस अवसर पर सीरवी समाज के वडेर के सचिव नारायणलाल लचेटा ने सभी समाज बन्धुओं को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य सहित समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे




(भोपाल) भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का दावा

# सभी नगर निगमों में भाजपा को मिलेगी जीत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दो चरण का मतदान पूरा हो गया है। शुरुआती नतीजे आने लगे हैं। औपचारिक घोषणा 14 और 15 जुलाई को होगी। इसके रुझानों को लेकर भाजपा के प्रदेश विष्णुदत्त शर्मा बड़े आशावान हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण निकायों के चुनावों में दोनों चरणों के रुझान भाजपा की जीत के संकेत दे रहे हैं।

वीडी शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नगर निकाय चुनाव में पार्टी ने जिस तरह के स्वच्छ छवि वाले कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है। पार्टी संगठन और कार्यकर्ता जिस तरह से बूथ स्तर तक काम कर रहे हैं और प्रदेश व केंद्र की भाजपा सरकारों ने अपनी योजनाओं के माध्यम से जिस तरह से गरीबों का जीवन बदलने का काम किया है, उसके आधार पर सभी 16 नगर निगमों में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। हर निकाय में भारी बहुमत से जीतकर भाजपा विजय का सोलह श्रृंगार करेगी।

### हरियाली का संकल्प अनूठी घटना

शर्मा का दावा है कि प्रदेश के सभी 16 नगर निगमों, 76 नगर पालिकाओं और 255 नगर परिषदों के भाजपा प्रत्याशियों ने एक जुलाई को चुनाव से पहले शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने, उसके विकास का संकल्प लिया। यह राजनीतिक इतिहास की अनूठी घटना है। सभी प्रत्याशियों ने प्रतीकात्मक रूप से पौधा भी रोपा, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल है। पार्टी के संकल्प पत्र में प्रत्येक नगर के विकास, उसे देश के बेहतर शहरों के अनुरूप बनाने और गरीब कल्याण की बातों को शामिल किया गया है। हमारी सरकार ने मध्यप्रदेश को बीमारू से विकसित राज्य बनाया है। अब हमारा विजन इसे स्वर्णिम प्रदेश बनाने का है, जिसमें नगर निकाय और ग्रामीण निकाय चुनावों की बड़ी भूमिका रहेगी।

### राष्ट्रविरोधी ताकतों का समर्थन करने वालों को पैर नहीं जमाने देंगे

शर्मा ने कहा कि मैं पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जागरूक जनता से यह आग्रह करता हूं कि वे राष्ट्रविरोधी ताकतों का समर्थन करने वाली, देश को बदनाम करने वाली ताकतों को प्रदेश में पैर जमाने का अवसर न दें। यदि इन्हें अवसर मिल गया, तो प्रदेश में भी उदयपुर जैसे हालात बनाने की कोशिश करेंगे। देश में तालिबानी प्रवृत्ति के लोग जिस तरह से अस्थिरता लाने का प्रयास कर रहे हैं, यह चिंता का विषय है। कांग्रेस और अन्य दल इन्हें ताकत दे रहे हैं। यदि ये लोग मध्यप्रदेश में होते, तो अब तक इनके घर जमींदोज कर दिए गए होते। लेकिन राजस्थान में कांग्रेस की सरकार इनका समर्थन कर रही है। यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है और देश की सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है।

### कमलनाथ का मप्र में इंट्रेस्ट किसलिए है?

शर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने हाल ही में कहा कि नगर निगम चुनाव उनके एजेंडे में नहीं है। इससे पहले वे कह चुके हैं कि पंचायत के चुनाव पर हम ध्यान नहीं देते। शर्मा ने कहा कि कमलनाथ को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि मध्यप्रदेश में उनका इंट्रेस्ट है किसलिए? उन्होंने कहा कि कमलनाथ और कांग्रेस पार्टी का इंट्रेस्ट सिर्फ झूठ बोलने और लोगों को भ्रमित करने में है।

# विशाल नि:शुल्क नेत्र रोग एवं मानसिक रोग चिकित्सा शिविर

आपके शहर श्योपुर में Helping Hand Society द्वाराविशाल निःशुल्क नेत्र एवं मानसिक रोग चिकित्सा का दिनांक03 जुलाई 2022, रविवार को केम्प लगाया जा रहा है।जिसमें मानसिक रोग से संबंधित जैसे- सिर दर्द, बैचेनी,घबराहट, नींद न आना या बहुत ज्यादा नींद आना,सिर काभारीपन, डर लगना, यादाश्त में कमी, बातों को भूल जाना,बार - बार हाथ धोना, शक- वहम करना, मिर्गी के दौरा पड़ना,गुप्त रोगो का ईलाज, नशा छुडाने संबंधित जैसे शराब, गांजा,स्मेक, तम्बाकु, सिगरेट, बीड़ी आदि को छुडाने के लिये परामर्शसिनियर डॉ. गायत्री मित्तल (MBBS, DPM, MIPS) जो कि पहलेराँची, पंजाब में अपनी सेवाएं दे चुके है एवं लगभग 10 हजारमरीजों का सफल ईलाज किया है और आँखों का परामर्श एवंईलाज डॉ. जी. के. गोयल (MBBS, MS) द्वारा किया जाएगा एवंऑपरेशन योग्य मरीजों को भर्ती कर निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।

**पता**

गोयल आँखों का अस्पताल, वायपास चौराहा,जिला चिकित्सालय के पास, शिवपुरी रोड़, श्योपुर समयः प्रात÷ 09 बजे से दोप. 01 बजे तक

**संपर्क सूत्र : जितेन्द्र (मो. ÷9630652085), रोहित (मो. ÷8109590354 )**

सीएम शिवराज फिर गरजे

# बेटियों पर नजर उठाई तो बुलडोजर चलाकर तहस-नहस कर दूंगा




**भोपाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को फिर अपने चिर-परिचित अंदाज में दिखाई दिए. उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार कर बीजेपी के लिए वोट मांगे. इस दौरान उन्होंने मंच से कहा कि प्रदेश में मामा का राज है, माफिया की नहीं चलेगी. बहन- बेटियों पर नजर उठाई तो बुलडोजर चलाकर तहस-नहस कर दूंगा. उन्होंने यह बात राजधानी के नारियल खेड़ा में कही. इस दौरान सीएम शिवराज ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विकास की इच्छा नहीं है तो शक्ति कहां से आएगी. कांग्रेस ने गरीबों को राशन नहीं दिया. हम बिना भेदभाव के राशन बांट रहे हैं।

इस दौरान मंच से ही उन्होंने बुलडोजर चलाने की बात भी कह डाली. उन्होंने कहा कि जो भी अपराधी मध्य प्रदेश में महिलाओं को बुरी नजर से देखेगा उस की संपत्ति और मकानों पर बुलडोजर चलाकर सब कुछ नष्ट कर देंगे. मैं अंतरात्मा से बात कह रहा हूं. पहले 1000 बेटों पर 900 बेटियां हुआ करती थीं, लेकिन बेटियों को लेकर चलाई जा रही तमाम योजना की वजह से अब 1000 बेटों पर 970 बेटियां हैं. मैं इस अंतर को भी कम करूंगा. बेटी की चिंता नहीं करना चाहिए. उनकी पढ़ाई-लिखाई और शादी करने का काम सरकार कर रही है।

### गरीबों के बनवाएंगे वैध मकान- सीएम

उन्होंने कहा मध्य प्रदेश में मामा का राज है, माफिया की नहीं चलेगी. इस बीच मंच पर चल रहे कूलर को मुख्यमंत्री चौहान ने बंद करा दिया. उन्होंने कहा कि जैसी मेरी जनता, वैसा मैं हूं, इसकी जरूरत मुझे नहीं है. यहां सीएम ने स्थानीय पार्षद पद के प्रत्याशी और महापौर के प्रत्याशी के लिए वोट देने की अपील की. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गरीबों को स्थाई पट्टे दिए जाएंगे. माफियाओं से 21000 एकड़ जमीन छीनी है. ये जमीन गरीबों में बांटी जाएगी. गरीब इस जमीन पर अपने घर बना सकेंगे।

पंचायत चुनाव

# दूसरे चरण में 74 प्रतिशत मतदान, नीमच में सबसे ज्यादा और भिंड में सबसे कम वोटिंग




**भोपाल।** प्रदेश में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का दूसरा चरण का मतदान आज शांति से निपट गया। दूसरे चरण में प्रदेश में कुल 74 फीसदी मतदान हुआ। इस बार भी पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. भिंड में मतदान में खलल के कारण दो मतदान केंद्रों पर 3 जुलाई को फिर से वोट डाले जाएंगे। प्रदेश के 47 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में मतदान हुआ. सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान दोपहर तीन बजे खत्म हुआ.

### भिंड में दो स्थानों पर कल पुनर्मतदान

भिंड जनपद पंचायत के 2 मतदान केंद्र पर उत्पात के चलते पुर्नमतदान कराने का फैसला किया है। 03 जुलाई को दोनों मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने बताया भिंड जनपद पंचायत के दो पोलिंग बूथ पर मत पत्र फाड़ने और छीनने की कोशिश हुई. इससे मतदान प्रभावित हुआ। दोनों जगहों पर दोबारा मतदान होगा।

### नीमच में सबसे ज्यादा वोटिंग

पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में नीमच जिला मतदान में अव्वल रहा. नीमच जिले में 87.70 फ़ीसदी मतदान हुआ. उसके बाद शाजापुर 85.60प्रतिशत,आगर मालवा में 85प्रतिशत, देवास 84.10प्रतिशत, सागर में 73.80 फ़ीसदी, जबलपुर 75.50प्रतिशत, नर्मदापुरम में 79.20त्न मतदान हुआ. प्रदेश भर में नीमच जिले में मतदान में महिलाएं पहले पायदान पर रहीं. नीमच जिले में 87.60प्रतिशतमहिलाओं ने मतदान किया. शाजापुर में 85.80 प्रतिशत, आगर मालवा में 84.90प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का उपयोग किया.

### भिंड में सबसे कम मतदान

पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में भिंड जिले में सबसे कम मतदान हुआ. प्रदेश भर में भिंड जिला मतदान के मामले में सबसे फिसड्डी रहा. यहां सिर्फ 54.80त्न मतदान हुआ. उसके बाद कटनी में 59 वोटिंग हुई. भिंड जिले में कुल मतदान प्रतिशत के साथ ही महिलाओं के मतदान का प्रतिशत भी सबसे कम रहा. यहां सिर्फ 59.40प्रतिशत महिलाएं ही मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकलीं. कटनी में 63.30प्रतिशत तो अलीराजपुर में 69.40प्रतिशत महिलाओं ने ही मतदान किया।

47 जिलों में 74 फ़ीसदी मतदान हुआ है. दूसरे चरण में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 76 रहा. जबकि सिर्फ 72प्रतिशत पुरुषों ने वोट डाले. पुरुषों के मुकाबले 4 फीसदी ज्यादा महिलाओं ने मतदान किया. भिंड जिले के दो मतदान केंद्रों में 3 जुलाई को पुनर्मतदान कराया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में 47 जिलों की 106 जनपद पंचायतों की 7655 ग्राम पंचायतों में मतदान हुआ. दूसरे चरण में एक करोड़ 31 लाख 44 हजार 27 मतदाता थे। प्रदेश में 23,967 मतदान केंद्र तैयार किए गए थे. इनमें से 3580 संवेदनशील थे. संवेदनशील केंद्रों की वीडियोग्राफी कराई गई है. संवेदनशील मतदान केंद्रों पर मोबाइल पार्टियां भी सक्रिय रहीं।

# केंद्रीय कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए बाध्य नहीं

### हाई कोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा

**भोपाल।** वैधानिक रूप से केंद्रीय अधिकारी व कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए बाध्य नहीं हैं। लिहाजा, आगे की तारीखों में इनकी चुनाव ड्यूटी न लगाई जाए। यह महत्वपूर्ण आदेश में कहा है हाई कोर्ट ने। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि चुनाव आयोग केंद्रीय कर्मियों व अधिकारियों के स्थान पर राज्य सरकार के कर्मियों व अफसरों की चुनाव ड्यूटी लगाने स्वतंत्र है।राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से शुक्रवार को एक आवेदन हाई कोर्ट में पेश किया गया। इसमें कहा गया कि हाई कोर्ट की अन्य बेंचों ने 24 व 27 जून को पारित आदेशों के तहत केंद्रीय कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में तैनात करने पर रोक लगाई है। इसे हटाया जाए। वहीं ईपीएफओ, जबलपुर डिवीजन व सेंट्रल जोन इंश्योरेंस कर्मी संघ की ओर से याचिकाएं दायर की गईं। इनमें कहा गया कि मध्य प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 17 व मध्य प्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 24 के तहत इन चुनावों में केवल राज्य सरकार, स्थानीय निकायों व राज्य सरकार के लोक उपक्रमों के कर्मियों को ही तैनात किया जा सकता है। इसके बावजूद याचिकाकर्ता केंद्रीय व बीमा कम्पनियों के कर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगाई गई है। बहस के दौरान तर्क दिया गया कि न तो वे राज्य सरकार के किसी भी विभाग या उपक्रम के कर्मी हैं और न ही उनकी संस्थाओं को राज्य सरकार प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक मदद करती है। ऐसे में उनकी निकाय चुनावों में ड्यूटी लगाना सर्वथा अनुचित है।

कोर्ट ने कहा कि कानूनी रूप से बाध्य न होने पर भी याचिकाकर्ता संगठनों के कर्मियों ने एक जुलाई को चुनाव ड्यूटी करने की सहमति देकर उदारता प्रदर्शित की है। लेकिन इस अपवाद को चुनाव आयोग

# कांग्रेस प्रत्याशी खुद के खर्चे से बनवाएंगे पांच फ्लाईओवर, बीजेपी ने कसा तंज



**इंदौर।** नगरीय निकाय चुनाव दिनों दिन रोचक होता जा रहा है. प्रदेश की आर्थिक राजधानी और सियासत का गढ़ कहे जाने वाले इंदौर में अब फ्लाईओवर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है. दरअसल कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी संजय शुक्ला ने घोषणा पत्र जारी करते हुए ऐलान किया है कि वो चुनाव जीते तो शहर में पांच फ्लाईओवर खुद के खर्चे से बनवाएंगे. संजय शुक्ला के इस ऑफर को बीजेपी ने मुंगेरीलाल का हसीन सपना बताया है. बीजेपी का कहना है कि कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी जनता को बरगला रहे हैं. उनकी कुल संपत्ति 170 करोड़ रुपये है, इतने में तो एक भी फ्लाईओवर नहीं बनेगा।

पिछले चार बार से नगर निगम चुनाव में हार का सामना कर रही कांग्रेस के लिए ये चुनाव करो या मरो जैसा हो गया है. यही वजह है कि महापौर प्रत्याशी विधायक संजय शुक्ला चुनावी रण में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

नगर निगम की सियासत में एंट्री करने के लिए कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती. ऐसे में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र के साथ-साथ में नया शिगूफा छोड़ा है. कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी संजय शुक्ला का कहना है कि यदि वो महापौर बने तो शहर में खुद के खर्चे से 5 फ्लाईओवर बनवाएंगे और कोरोना पीड़ितों को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक मदद देंगे।

### बीजेपी ने पूछा सवाल

कांग्रेस प्रत्याशी के इस ऑफर को बीजेपी ने मुंगेरीलाल के हसीन सपने बता दिया. बीजेपी विधायक और नगर निगम चुनाव के प्रभारी रमेश मेंदोला का कहना है कि हवाई किले बनाने की कहावत तो सुनी थी, लेकिन कांग्रेस हवाई पुल वाली नई कहावत लाई है, कांग्रेस इस तरीके के बयानों से को गुमराह करने का काम न करे. बीजेपी के मेयर प्रत्याशी पुष्यमित्र भार्गव ने भी संजय शुक्ला पर सवाल खड़े किए हैं. भार्गव का कहना है कि संजय शुक्ला ने जो ब्यौरा पेश किया है उसमें वे 170 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं. ऐसे में ब्रिज बनाने का खर्चा संजय शुक्ला कहां से लाएंगे, इस बात का जवाब दें।

# मीटर रीडिंग के तुरंत बाद बिजली उपभोक्ता तक पहुंचेगा मैसेज, कर सकेंगे त्वरित भुगतान



**भोपाल।** अब मोबाइल पर मैसेज मिलते ही बिजली उपभोक्ता तुरंत बिल जमा कर सकेंगे। किसी तरह का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी ने भोपाल शहर में शुक्रवार से इंस्टेंट रीडिंग व्यवस्था लागू कर दी है। इसके तहत बिजली कर्मी रीडिंग लेंगे और उसी समय आनलाइन माध्यमों से सिस्टम में अपलोड कर देंगे। जैसे ही बिल अपलोड होंगे, स्वत÷ ही उपभोक्ताओं को मैसेज चले जाएंगे। अभी तक ऐसा नहीं होता था। रीडिंग लेने और उसे सिस्टम में अपलोड करने के लिए दो से तीन दिन का समय लगता था। कर्मचारी एक बार उसे अपलोड करते थे और दूसरी बार में अधिकारी सत्यापित करते थे। तब जाकर उपभोक्ता बिल भर पाते थे। इस प्रक्रिया में कई बार उपभोक्ता को दो-दो बार मैसेज चले जाते थे जिसमें बिल की राशि में अंतर होता था और उपभोक्ता उसे भरने में संकोच करते थे। पूछने के लिए बिजली कंपनी के दफ्तरों के चक्कर लगाते थे। मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी शहर वृत्त के एसई जाहिर अजीज खान ने बताया मीटरों पर क्यूआर कोड लगाने का काम पूरा कर दिया है। कर्मचारियों को रीडिंग उपकरण दे रखे हैं। ये जैसे ही कोड स्कैन करेंगे, उपभोक्ता की पूरी जानकारी आ जाएगी। उसमें रीडिंग मीटर की रीडिंग अंकित करते और सीधे सिस्टम में अपलोड कर देंगे। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने पर उपभोक्ताओं को मैसेज चले जाएंगे। ये मैसेज, वाट्सएप व ईमेल पर भेजे जा रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल, ईमेल पंजीकृत नहीं है वह कंपनी के पोर्टल पर जाकर स्वयं पंजीकृत करा सकते हैं।

मंदिर में कर रहे पूजा-पाठ, द्वितीय प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ

# भोपाल केंद्रीय जेल में बंदियों ने सीखी पुरोहिताई



**भोपाल।** राजधानी में गायत्री परिवार एवं जेल प्रशासन के मार्गदर्शन में केंद्रीय जेल भोपाल में 50 बंदियों को युगपुरोहित बनने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है1 शुक्रवार को इसके द्वितीय सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जेल अधीक्षक दिनेश नरगावे ने बंदियों से कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए भगवान ने आप लोगों का चयन किया है। इस अवसर का समुचित लाभ उठाएं। यहां से जब रिहा होकर जाएं, तो दूसरों को भी प्रेरणा दें और समाज के विकास में सकारात्मक ढंग से सहभागी बनें। गायत्री शक्तिपीठ के प्रवक्ता रमेश नागर ने बताया कि शुरुआत में शांतिकुंज प्रतिनिधि सदानंद अंबेकर ने शिविर के अनुशासन गायत्री का परिवार का परिचय, उद्देश्य मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग का अवतरण युग निर्माण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस द्वितीय सत्र में युगपुरोहित प्रशिक्षण के साथ योग प्राणायाम, ध्यान साधना, प्राकृतिक चिकित्सा का भी समावेश किया गया है। यह प्रशिक्षक योगाचार्य मुरली पाटीदार द्वारा दिया जाएगा। यज्ञीय कर्मकांड, पूजन, 16 संस्कार का प्रशिक्षण प्रशिक्षक श्रावण गीते, सुरेश कावड़कर, आरआर चडोकार। बौद्धिक एवं कर्मकांड का दर्शन रघुनाथ प्रसाद हजारी, अशोक सक्सेना, डा. दयानंद, एमडी उपाध्याय द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जेल अधीक्षक ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण सत्र के पुरोहितों ने जेल परिसर में मंदिरों की पूजा पाठ का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस अवसर पर जेल कल्याण अधिकारी आरडी उमाडे ने कहा

# किसानों का बीमा कराने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

### मप्र राज्य सहकारी बैंक पर लगा करोड़ों के घोटाले का आरोप

**भोपाल।** बगैर निविदा निजी कंपनी से मप्र राज्य सहकारी बैंक द्वारा हजारों किसानों का जीवन बीमा करा दिया गया। इस मामले में करोडों का घोटाला होने का आरोप लगाया जा रहा है। यह मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। इसे लेकर मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के समक्ष एक जनहित याचिका दायर हुई है। इसमें आरोप है कि जीवन बीमा के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में सिर्फ 330 रुपये के प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा हो जाता है, लेकिन बैंक ने किसानों से एक लाख रुपये के बीमे के एवज में 437 रुपये प्रीमियम वसूला। जीवन बीमा पालिसी में शामिल करने से पहले किसानों से सहमति भी नहीं ली गई थी।

## महापौर के आप प्रत्याशी ने लोगों को बताया

# दिल्ली में 200यूनिट, पंजाब में 300 यूनिट बिजली फ्री तो मध्यप्रदेश में हम भी देंगे बिजली फ्री दिल्ली पंजाब की तर्ज परः डॉ. रुचि गुप्ता



ग्वालियर। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के लोगों से किया वादा पूरा करते हुए मान सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 1 जुलाई से 300 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली मुहैया कराने का ऐलान किया है। दिल्ली में भी मुख्यमंत्री केजरीवाल जी की सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। मैं भाजपा की शिवराज सरकार से ये पूछना चाहती हूं कि जब पंजाब और दिल्ली में उपभोक्ताओं को भारी-भरकम बिजली बिल से मुक्ति दिलाई जा सकती है। तो ग्वालियर सहित मध्यप्रदेश में क्यों नहीं? यह बात आज आम सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी की महापौर उम्मीदवार डॉ. रुचि गुप्ता ने मतदाताओं के बीच कही। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आप सभी लोग इस बार झाड़ू के सामने वाला बटन दबाकर मुझे विजयश्री का अशीर्वाद दें एवं 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएं, तो अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में प्रदेश विकास के नए पायदान को छुएगा, मध्यप्रदेश में भी बिजली उपभोक्ताओं को पंजाब और दिल्ली की तर्ज पर ही बड़ी राहत दी जाएगी।

रुचि गुप्ता का जनसम्पर्कअभियान शनिवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई स्थल से लेकर इंदरगंज चौराहा, दाल बाजार, केआरजी कॉलेज, रॉक्सी पुल होते हुए महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, राम मंदिर, शिंदे की छावनी, डी डी माल, शास्त्री चौक, पड़ाव, गांधीनगर, तानसेन रोड, हजीरा चौराहा, चार शहर का नाका, सिस्को तिराहा, गोले का मंदिर, मेला ग्राउंड, आकाशवाणी चौराहा, थाटीपुर चौराहा, बारादरी चौराहा, 7 नंबर चौराहा, सूर्य मंदिर मार्ग, पिंटू पार्क तिराहा, डीडी नगर गेट, माधव चौक, धरमवीर पेट्रोल पंप, गोले का मंदिर होते हुए एयरपोर्ट तक पहुंचा। इस दौरान श्रीमती गुप्ता कई स्थानों पर जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में मतदातागण, आप पार्षद प्रत्याशी, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साइकिल रैली निकालकर दिया मताधिकार का उपयोग करने का संदेश

ग्वालियर। जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्थ्वहस्थ्व (सिस्टमेटिक ए'यूकेशन नर्चरिंग एण्ड सेंसटाइजेशन ऑफ इलेक्टोरेट) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में 2 जुलाई को साइकिल रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट परिसर से उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री विनोद भार्गव एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। इस अवसर पर साइकिल रैली में शामिल सभी प्रतिभागियों को आगामी 6 जुलाई को होने जा रहे चुनाव में अपने परिजन, पड़ोसियों, मित्रों एवं रिश्तेदारों को मताधिकार का उपयोग करने के लिये प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट से शुरू हुई यह साइकिल रैली उ'च न्यायालय रोड़, राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहा, रा'य स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, टेलीफोन एक्सचेंज होते हुए जीवाजी विश्वविद्यालय पहुँची। साइकिल रैली में जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेलिया तथा प्रो. मुकुल तेलंग, डॉ. केशव सिंह गुर्जर, डॉ. नवनीत गरूण, डॉ. शांतिदेव सिसोदिया, डॉ. समीर भागवंत व प्रो. के एस ठाकुर सहित विश्वविद्यालय के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## महापौर प्रत्याशी डॉ. शोभा सिकरवार जी का समर्थन करता है ग्वालियर का बाल्मीकि समाज



ग्वालियर। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रघुवीर खरे ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पिछले 55 वर्षो से नगर निगम ग्वालियर में भारतीय जनता पार्टी की परिषद रही हैं। सन 1896 में सिंधिया राजवंश द्वारा लश्कर म्युनिसपल पार्टी का गठन किया जाकर सफाई हेतु 1121 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की गई। लगभग 125 वर्ष गुजरने के बाद नगर निगम ग्वालियर में नियमित सफाई कर्मचारियों के पदों की कोई वृद्धि नहीं की गई, बल्कि 1121 पदों में से केवल अब 800 नियमित सफाई कर्मचारी रह गए हैं। जबकि शहर की जनसंख्या 20 लाख के पार हो गई है तथा क्षेत्रफल भी 3 गुना बढ़ गया है।

भाजपा शास्ति निगम परिषद द्वारा बाल्मिक समाज को धोखे में रखकर नियमित सफाई कर्मचारियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की गई बल्कि ठेका प्रथा लागू कर दी गई। जिससे बाल्मीक समाज की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई। वर्तमान में 7000- रुपए के वेतन से सफाई कर्मचारियों के परिवार का पालन पोषण संभव नहीं है। भाजपा द्वारा पिछले निकाय चुनाव की तरह इस बार भी बाल्मिक समाज के एक भी कार्यकर्ता को पार्षद पद का टिकट नहीं दिया। जिससे बाल्मिक समाज में भारी गुस्सा एवं रोष व्याप्त है। भाजपा कभी नहीं चाहती कि एक भी बाल्मिक निगम परिषद में प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होकर अपने हक और अधिकार की बात कर सके।

ग्वालियर बाल्मिक समाज से अपील है कि दिनांक 6 जुलाई 2022 को होने जा रहे निगम के पार्षद एवं महापौर पद की प्रत्याशी डॉ.श्रीमती शोभा सिकरवार को अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का उपयोग कर विजयी बनाएं। अपील करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी श्री आर. सी. बेनबाडिया, अशोक मौरे, रामात्रे करौसिया, गंगाराम मेहता, विकास खरे, नंदू लाल नरवारे, रवि करौसिया, करण बैहरुआ आदि शामिल रहे।

## निगमायुक्त श्री कन्याल ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण , दिए आवशयक दिशा निर्देश



ग्वालियर- नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने नगरीय निर्वाचन को द्रष्टिगत रखते हुए आज शहर के विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने अपने अधीनस्थ अमले के साथ ग्वालियर , ग्वालियर ग्रामीण और ग्वालियर दक्षिण विधान सभा के मतदान केंद्रों के साथ उन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिन्हें आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाना है । आदर्श मतदान केंद्र बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही जॉन 12 वार्ड 45 अंतर्गत आदर्श मतदान केंद्र रघुवर धर्मशाला नया बाजार चौराहा का भी निरीक्षण किया गया साथ में जोनल ऑफिसर श्री अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

इसके साथ ही शहर भृमण के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लक्कड़खाना पुल पर जायजा लिया ,इस दौरान पास ही खड़े नाश्ते के ठेले पर पहुंच कर सफाई रखने और नाश्ता के सामान को ढंक कर रखने के निर्देश दिए गए।




## डॉक्टर्स-डे पर डॉ. अमित रघुवंशी का हुआ सम्मान

ग्वालियर। पूरे सेवाभाव एवं संवेदनशीलता के साथ आम आदमी को चिकित्सा सेवाएँ मुहैया कराने वाले कर्मठ चिकित्सकों को ÷डॉक्टर्स-डे÷ पर सम्मानित किया गया। इस कड़ी में शुक्रवार को डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एवं जिला पंचायत के सीईओ श्री आशीष तिवारी ने जिला चिकित्सालय मुरार के जाने-माने चिकित्सक डॉ. अमित रघुवंशी को सम्मानित किया । डॉ. अमित रघुवंशी ने कोरोना संकट काल के दौरान जिला चिकित्सालय में कोविड के नोडल अधिकारी के रूप में बखूबी ढंग से अपने दायित्व का निर्वहन कर समाज में सेवा भाव की गहरी छाप छोड़ी है। सेवाभावी चिकित्सकीय कार्य से डॉ. रघुवंशी आम जनता में विशेष लोकिप्रय हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रत्याषियों के समर्थन में श्री षिवराज सिंह, श्री नरेंद्र सिंह एवं श्री सिंधिया का रोड षो आज

ग्वालियर। जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने बताया कि भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा एवं पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में कल 3 जुलाई को प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मा. शिवराज सिंह चैहान, केंद्रीय मंत्रीद्वय श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रोड शो करेंगे। यह रोड शो सायं 5.30 बजे ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में कोटेश्वर मंदिर से किलागेट होते हुए हजीरा चैराहा पर समाप्त होगा।

रात्रि 8 बजे ग्वालियर पूर्व विधानसभा में मुरार अस्पताल चैराहे से खुला संतर होते हुए अग्रसेन चैक, सदर बाजार होते हुए बारादरी पर समाप्त होगा।

इस रोड शो के लिए आज भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मंच पर सांसद विवेक शेजवलकर, चुनाव प्रभारी विजय दुबे, जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी, सह जिला प्रभारी अरूण चतुर्वेदी, उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के जननायक एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान, केन्द्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का इस रोड शो के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाएं, व्यापारी संस्थाएं एवं सर्व समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा।
इस रोड शो के लिए आज ग्वालियर विधानसभा की बैठक मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुख्यातिथ्य में होटल शेल्टर पर एवं ग्वालियर पूर्व विधानसभा की बैठक सात नंबर चैराहे पर संपन्न हुई। इन बैठकों में क्षेत्र की साज-सजावट और प्रत्येक बिंदु पर विभिन्न मोर्चें, प्रकोष्ठों, पार्षद प्रत्याशियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा किए जाने वाले स्वागत के बारे में चर्चा की गई।

### श्री सिंधिया आज कई सभाओं को संबोधित करेंगे

ग्वालियर्र। केन्द्र मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी कल तीन जुलाई को नगरीय निकाय क्षेत्र में कई सभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने दी, उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे वार्ड क्रमांक 66, दोपहर 12 बजे वार्ड क्रमांक 64, दोपहर 2 बजे नाका चंद्रवदनी चैराहे पर, दोपहर 3 बजे रोटरी एवं लायंस क्लब के सदस्यों के साथ संवाद आईआईटीटीएम में सांय 4 बजे 60 फुटा रोड कुम्हरपुरा के सामने चैपाल में संवाद करेंगे। इस अवसर पर महापौर पद की प्रत्याशी श्रीमती सुमन शर्मा भी उपस्थित रहेंगी।

### बंदी मूलचंद सोनी की मृत्यु की न्यायिक जाँच के सिलसिले में साक्ष्य माँगे

ग्वालियर। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी मूलचंद सोनी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जाँच की जा रही है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री निकिता पवार के न्यायालय द्वारा यह जाँच की जा रही है। इस संबंध में 9 जुलाई तक साक्ष्य माँगे गए हैं। केन्द्रीय जेल ग्वालियर में निरूद्ध रहे बंदी मूलचंद सोनी पुत्र श्री नाथू सोनी आयु 69 वर्ष निवासी अडजरिया कॉलोनी हरपालपुर थाना हरपालपुर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश की गत 10 फरवरी 2022 को मेडीकल कॉलेज ग्वालियर में मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र या साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 09 जुलाई 2022 तक प्रात÷ 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर ग्वालियर स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री निकिता पवार के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। साक्ष्य प्रस्तुत करने की अवधि बीत जाने के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

### जिले में अब तक 1894 शासकीय सेवकों ने डाले निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र

**शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में निर्वाचन कर्तव्य मत पत्र डालने की सुविधा**

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्य से जुड़े शासकीय सेवकों को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के जरिए मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की गई है। ग्वालियर जिले में अब तक 1894 शासकीय सेवक ईडीबी (इलेक्शन ड्यूटी बैलेट) अर्थात डाक मत पत्र के जरिए अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। नोडल अधिकारी (डाक मत पत्र) श्री उमेश कौरव ने बताया कि नगर पालिक निगम ग्वालियर में 1529 शासकीय सेवक निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण-पत्र के जरिए विभिन्न फैसिलिटेशन सेंटर पर अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। इसी तरह नगर पालिका डबरा में 259, नगर परिषद भितरवार में 58, मोहना में 4, आंतरी में 13, बिलौआ में 8 व पिछोर में 23 शासकीय सेवकों द्वारा ईडीबी के जरिए मताधिकार का उपयोग किया जा चुका है।

### साइकिल रैली निकालकर दिया मताधिकार का उपयोग करने का संदेश

ग्वालियर। जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्थ्वहस्थ्व (सिस्टमेटिक एज्यूकेशन नर्चरिंग एण्ड सेंसटाइजेशन ऑफ इलेक्टोरेट) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में 2 जुलाई को साइकिल रैली निकाली गई। कलेक्ट्रेट परिसर से उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री विनोद भार्गव एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478